

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



रामायण से बहुत अलग हुई आलिया...

राखी एक्टिंग में फ्लॉप...

वर्ष : 09 | अंक : 263 | लखनऊ, 27 अगस्त, रविवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 64,948.66

19,310.15

## संक्षिप्त समाचार

### जी20 शिखर सम्मेलनको लेकर एयरपोर्ट पर भी की जा रही तैयारियां

**1000 फ्लाइट कैंसिल होने की भी संभावना**

जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर दिल्ली में तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। ट्रैफिक सेवाएं, मेडिकल सुविधाएं आदि को लेकर हर विभाग तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। इस सम्मेलन के दौरान दिल्ली एयरपोर्ट भी काफी अधिक चहल पहल देखेगा। दिल्ली एयरपोर्ट पर कई वीवीआईपी गेस्ट की आवाजाही इस दौरान होगी। इसे देखते हुए दिल्ली एयरपोर्ट पर एक हजार से अधिक फ्लाइटों को कैंसिल किए जाने की संभावना है। एक रिपोर्ट में ये जानकारी साझा की गई है। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट पर पार्किंग की व्यवस्था अच्छी रहे इसलिए जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान 1000 फ्लाइटों को कैंसिल किया जा सकता है। जी20 शिखर सम्मेलन के विमानों की पार्किंग में कोई समस्या ना हो इसलिए ये फैसला किया गया है। एयरलाइनों को निर्देश दिया गया है कि पार्किंग में वो कटौती करें। इस संबंध में एयरलाइंस ने किया है कि वो अपने एयरक्राफ्ट को दिल्ली एयरपोर्ट पर खड़ा करने के बजाय किसी अन्य एयरपोर्ट पर खड़ा कर सकते है। जी20 शिखर सम्मेलन नौ सितंबर को आयोजित होना है। इस सम्मेलन में 30 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसे लेकर ही एयरलाइंस के पूरे शेड्यूल में भी बदलाव किया जा रहा है। इस सम्मेलन के कारण माना जा रहा है कि देश भ र में भी एयरलाइंस के नेटवर्क पर असर हो सकता है। यहां तक की कुछ फ्लाइट्स को कैंसिल भी किया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार इस व्यवस्था को बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस ने रूट भी डायवर्ट किए है। इस दौरान कई सड़कें भी बंद रखी जाएंगी।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड होंगे कई एयरक्राफ्ट

दिल्ली एयरपोर्ट पर इस शिखर सम्मेलन से संबंधित 50 से अधिक एयरक्राफ्ट पार्क होंगे। इन विमानों से शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दुनिया भर से कई वीवीआईपी गेस्ट हिस्सा लेंगे। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और चीनी प्रधानमंत्री शी जिनपिंग जैसे लोग शामिल होंगे।

### इस कारण हो रही परेशानी

गौरतलब है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर लगभग 220 पार्किंग स्टैंड है। इन दिनों एयर ट्रैफिक में बढ़ोतरी हो रही है, जिस कारण का उपयोह हो सकता है। इंजन की समस्या और गो फर्स्ट के दिवालिया होने के कारण यहां 50 विमान खड़े हुए है, जिससे पार्किंग में परेशानी हो सकती है।

### मंत्रालय ने बताए ये विकल्प

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने पार्किंग की समस्या को देखते हुए इसका हल भी खोजा है। एयरलाइंस विमानों को दिल्ली एयरपोर्ट के अलावा अन्य एयरपोर्ट पर भी पार्क कर सकती है। इसमें लखनऊ और जयपुर एयरपोर्ट शामिल है।

# चंद्रयान -3 के वैज्ञानिकों को सलाम करते-करते भावुक हो गए पीएम मोदी

**संबोधन के दौरान छलक गये खुशी के आंसू**

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

**नई दिल्ली,** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान -3 मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को भाषण दिया। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए इसरो टीम के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए पीएम मोदी भावुक हो गए। बेंगलुरु में इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क मिशन कंट्रोल कॉम्प्लेक्स में बोलते हुए, पीएम मोदी ने कहा, जिस स्थान पर चंद्रयान -3 का चंद्रमा लैंडर उतरा, उस बिंदु को शिवशक्ति के नाम से जाना जाएगा। मैं जल्द से जल्द आपसे मिलना चाहता था और आपको सलाम करना चाहता था। आपके प्रयासों को सलाम करता हूं। इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) में टीम इसरो को संबोधित करते हुए उन्होंने उस स्थान की भी घोषणा की जहां चंद्रयान -2 ने 2019 में चंद्र सतह पर अपने पदचिह्न छोड़े थे। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त स्थल को तिरंगा प्वाइंट के नाम से जाना जाएगा। इस बीच, इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ ने शनिवार को विवरण साझा किया और प्रधान मंत्री मोदी को चंद्रयान -3 मिशन की प्रक्रिया के बारे में बताया। मोदी ने आगे कहा, आज मैं एक अलग स्तर की खुशी महसूस कर रहा हूं। ऐसे अवसर बहुत कम होते हैं, इस बार मैं बहुत बेचैन था। पीएम मोदी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा मैं दक्षिण अफ्रीका में था लेकिन मेरा मन आपके साथ था।




पीएम मोदी ने कहा चंद्रमा की सतह पर वह स्थान जहां चंद्रयान -2 ने अपने पैरों के निशान छोड़े हैं, उसे तिरंगा के नाम से जाना जाएगा।

ये भारत के हर प्रयास के लिए प्रेरणा बनेगा। यह हमें याद दिलाएगा कि कोई भी विफलता अंतिम नहीं होती। इससे पहले शुक्रवार को, कर्नाटक के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया को बेंगलुरु में इसरो के चंद्रयान -3 मिशन के सफल वैज्ञानिकों से मुलाकात की पूर्व संध्या पर हवाई अड्डे पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने से रोक दिया गया था। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, प्रधानमंत्री इसरो को बधाई देने के लिए अपने नवीनतम विदेशी दौरे के बाद कल सुबह 6 बजे सीधे बेंगलुरु में उतरने वाले हैं। वह स्पष्ट रूप से अपने से पहले इसरो के वैज्ञानिकों को सम्मानित करने के लिए कर्नाटक के सीएम और डिप्टी सीएम से इतने चिढ़ गए हैं कि उन्होंने कथित तौर पर प्रोटोकॉल के खिलाफ जाकर सीएम को हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने से रोक दिया है।

# लखनऊ से रामेश्वरम जा रही ट्रेन में भीषण आग, 10 लोगों की मौत

## अधिकारियों ने गैस सिलेंडर को बताया हादसे की वजह

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

**नई दिल्ली,** तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक ट्रेन में भीषण आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। रेलवे ने मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। आग लगने की सूचना सुबह लगभग 5:15 बजे एक निजी पार्टी कोच के अंदर मिली, जब ट्रेन मदुरै यार्ड में खड़ी थी। ट्रेन के आस-पास के डिब्बों को कोई नुकसान नहीं हुआ क्योंकि दमकल गाड़ियों को तुरंत बुलाया गया और सुबह लगभग 7 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी के मुताबिक, जिस कोच में आग लगी, उसमें लखनऊ के करीब 65 यात्री सवार थे।



### तमिलनाडु : ट्रेन के खड़े डिब्बे में आग से 10 की मौत

तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन के खड़े डिब्बे में शनिवार तड़के आग लगने से कम से कम 10 यात्रियों की मौत हो गई। दक्षिण रेलवे ने डिब्बे में अवैध रूप से ले जाए गए गैस सिलेंडर को हादसे की वजह बताया है। जिस डिब्बे में आग लगी, वह एक प्राइवेट पार्टी कोच (किसी व्यक्ति द्वारा बुक किया गया पूरा डिब्बा) था और उसमें सवार 65 यात्री उत्तर प्रदेश के लखनऊ से मदुरै पहुंचे थे। दक्षिण रेलवे ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आग लगने की घटना में 10 यात्रियों की मौत होने की सूचना है। विज्ञप्ति के मुताबिक, आग बुझाने की कोशिशों में जुटे रेल कर्मियों के अलावा पुलिस, दमकल और बचाव कर्मियों ने डिब्बे से शवों को बाहर निकाला। विज्ञप्ति में बताया गया है कि आग लगने की घटना शनिवार तड़के पांच बजकर 15 मिनट पर हुई और मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने सुबह सात बजकर 15 मिनट पर लपटों पर काबू पा लिया। विज्ञप्ति के अनुसार, यह एक प्राइवेट पार्टी कोच था, जिसे कल (25 अगस्त को) नागरकोविल जंक्शन पर ट्रेन संख्या 16730 (पुनालुर-मदुरै एक्सप्रेस) में जोड़ा गया था। डिब्बे को अलग कर मदुरै रेलवे स्टेशन पर खड़ा किया गया था। इस डिब्बे में यात्री अवैध रूप से गैस सिलेंडर लेकर आए थे और इसी वजह से आग लगी। इसमें कहा गया है, डिब्बे में सवार यात्रियों ने 17 अगस्त को लखनऊ से यात्रा शुरू की थी।

# भारत में बैठकर पाकिस्तान के लिए कर रहा था जासूसी!

**आरोपी कोलकाता में गिरफ्तार, संवेदनशील दस्तावेज बरामद**

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

कोलकाता। पाकिस्तान भले ही अपनी जनता को दो वक्त का खाना नहीं खिला पा रहा है लेकिन उनका जासूसी तंत्र काफी एक्टिव है। पाकिस्तान भले ही अपने मकसद में कामयाब नहीं होता, हर बार मूकी खाता है लेकिन भारत के खिलाफ साजिश रचने से बाज नहीं आता हैं। कुछ लोग भारत में भी पाकिस्तान के हितैशी है जो रहते तो भारत में हैं लेकिन काम पड़ोसी मुल्क के लिए करते हैं। एक ऐसी ही शख्स को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस ने पाकिस्तान के लिए कथित रूप से जासूसी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से संवेदनशील दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी बिहार का रहने वाला है। कोलकाता पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को हावड़ा जिले में उसके घर से शुक्रवार को पकड़ा। अधिकारी ने कहा, उसे देश की सुरक्षा के लिए घातक गतिविधियों में सीधे तौर पर शामिल पाया गया।

# लाल डायरी से डरे हुए हैं गहलोत : अमित शाह

**कांग्रेस सरकार ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया**

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

**नई दिल्ली,** राजस्थान में होने वाले चुनाव को लेकर राजनीति खूब हो रहू है। इन सब के बीच गृह मंत्री अमित शाह आज राजस्थान में हैं। उन्होंने गंगापुर में 'सहकार किसान सम्मेलन' को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। अपने संबोधन की शुरूआत में गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व और वैज्ञानिकों के अथक परिश्रम के कारण देश ने कुछ दिन पहले ही चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर तिरंगा फहराया है। इससे समग्र देश के अंदर नई ऊर्जा व नए विश्वास का संचार हुआ है। उन्होंने विपक्ष पर तंज सकते हुए कहा कि आज मैं नारे लगाने वालों से कहना चाहता हूं कि नारे लगाने की बजाय चंद्रयान को आगे बढ़ाया होता तो नारे लगाने की नौबत नहीं आती।

### अशोक गहलोत को घेरा

अमित शाह ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी निशाना साधा। शाह ने कहा कि आज-कल राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत जी लाल रंग की डायरी से बहुत डर रहे हैं, क्योंकि उस डायरी में अनेक राज छुपे हैं। डायरी का रंग भले ही लाल है लेकिन उसके अंदर काले कारनामे और अरबों के भ्रष्टाचार का कच्चा चिट्ठा है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया जबकि भाजपा की सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाये हैं। कांग्रेस की सरकार में कृषि बजट 22 हजार करोड़ रुपए था जिसे मोदी जी 6 गुना बढ़ा कर 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए करने का काम किया है। मैं यहाँ आया तो एक किसान ने कहा कि राजस्थान में बिजली की बहुत समस्या है, हमें बिजली ही नहीं मिलती। तो वहीं दूसरे किसान ने कहा कि एक तो हमें बिजली नहीं मिलती, दूसरी ओर बिजली की खरीदी में धांधली हो रही है।




### भाजपा को जिताएंगे लोग

भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि राजस्थान में किसानों को बिजली नहीं मिल रही है और बिजली खरीदी में भी धांधली की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किसानों के लिए कई योजनाएं शुरू की और हर साल 6 हजार रुपए किसान सम्मान निधि के रुप में दे रही है। शाह ने कहा कि राजस्थान ने 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनावों में सभी सीटें मोदी जी की झोली में डाली थी। 2024 में भी जनता फिर से सभी सीटों पर भाजपा को जिताएगी। इसके साथ ही जनता लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन के लिए भी तैयार है।

# चंद्रयान-3 की सफलता के बाद रोबो महिला 'व्योममित्र' को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी में भारत

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

**नई दिल्ली,** भारत के चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने के कुछ दिनों बाद, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि देश गगनयान मिशन के तहत एक महिला रोबोट ₹व्योममित्र₹ को अंतरिक्ष में भेजेगा। सिंह ने कहा कि अक्टूबर के पहले या दूसरे सप्ताह में अंतरिक्ष उड़ान का प्रायोगिक अभ्यास आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शुरूआती परीक्षणों के बाद ही महिला रोबोट को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। मंत्री ने आगे बताया कि महामारी के कारण परियोजना में देरी हुई।



### महामारी के कारण हुई देरी

जितेंद्र सिंह ने कहा कि महामारी के कारण गगनयान परियोजना में देरी हुई। अब हम अक्टूबर के पहले या दूसरे सप्ताह में पहले परीक्षण मिशन की योजना बना रहे हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उन्हें भेजना। सिंह ने पुष्टि की कि दूसरे मिशन में ही एक महिला रोबोट भेजी जाएगी और वह सभी मानवीय गतिविधियों की नकल करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि दूसरे मिशन में एक महिला रोबोट होगी और वह सभी मानवीय गतिविधियों की नकल करेगी। अगर सबकुछ ठीक रहा तो हम आगे बढ़ सकते हैं।

### जानें इसके बारे में

व्योममित्र रोबोट की मदद से इंसानों के जाने का रास्ता साफ होगा। 24 जनवरी 2020 को यह रोबोट पेश किया था। यह इसरो द्वारा निर्मित है। यह संस्कृत भाषा के दो शब्दों व्योम और मित्र से मिलकर बना है, जिसका अर्थ क्रमशः अंतरिक्ष एवं मित्र है। अर्द्ध-मानव का यह प्रोटोटाइप एक महिला रोबोट है। इसके जरिए अंतरिक्ष में इंसानों पर पड़ने वाले असर को समझने की कोशिश की जाएगी।

# टीचर ने अल्पसंख्यक छात्र के साथ किया दुर्व्यवहार

## थप्पड़ मारने के लिए कहा तो अखिलेश ने की बर्खास्त करने की मांग

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को मुजफ्फरनगर जिले की उस शिक्षिका को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की, जिसने अपने छात्रों को अल्पसंख्यक समुदाय के एक छात्र को कथित तौर पर थप्पड़ मारने के लिए कहा था। सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के कथित वीडियो को सपा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझाकरते हुए यह मांग उठाई, जिसे पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पुनः पोस्ट किया।

एक्स पर सपा ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए कहा, भाजपा और आरएसएस की नफरती राजनीति, देश को यहां ले आई ! मुजफ्फरनगर में एक अध्यापिका अल्पसंख्यक समाज के बच्चे को दूसरे बच्चों से थप्पड़ मरवा रही। मासूमों के मन में जहर घोलने वाली शिक्षिका को तुरंत बर्खास्त किया जाए। उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

छात्र की पिटाई का कथित वीडियो मुजफ्फरनगर जिले के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के खुब्बापुर स्थित गांव के एक स्कूल का बताया जा रहा है। आरोप है कि दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र की शुक्रवार को उसकी कक्षा के अन्य छात्रों ने पिटाई कर दी और अध्यापिका के निर्देश पर उसे एक के बाद एक थप्पड़ मारे। यह भी आरोप है कि वीडियो में एक समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी रविशंकर ने शुक्रवार को बताया था कि वीडियो की जांच से प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई है कि स्कूल का काम पूरा न करने पर छात्र की पिटाई की गई थी और इसमें कोई भी आपत्तिजनक बात नहीं कही गई है।

# निजी यात्रा पर श्रीनगर पहुंचीं सोनिया गांधी

**बोट की सवारी की, राहुल के साथ रहेंगी 2 दिन**

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

**नई दिल्ली,** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने शनिवार को श्रीनगर पहुंचकर निगीन झील में नाव की सवारी की। वह कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जुड़ेंगी, जो तीन दिवसीय निजी दौरे पर शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे। शनिवार दोपहर हवाईअड्डे पर पहुंचने पर सोनिया का उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया, जिनमें कांग्रेस केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकार रसूल वानी भी शामिल थे। अपने आगमन के तुरंत बाद, सोनिया ने यहां निगीन झील का दौरा किया और नाव की सवारी का आनंद लिया।



वायनाड के सांसद निगीन झील में एक हाउसबोट पर रुके थे और परिवार के शनिवार को रैनावारी इलाके के एक होटल में रुकने की संभावना है। जम्मू और कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकार रसूल वानी ने संवाददाताओं से कहा, जम्मू और कश्मीर उनका घर है. वह यहां के लोगों और इस भूमि से प्यार करते हैं, इसलिए वह यहां दो दिन शांति से बिताना चाहते हैं। यह कोई राजनीतिक यात्रा नहीं है, यह पूरी तरह से व्यक्तिगत और निजी यात्रा है। पार्टी नेता ने कहा कि राहुल की बहन प्रियंका गांधी के साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा के भी इसमें शामिल होने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि परिवार के रविवार को गुलमर्ग जाने की संभावना है। हालाँकि, नेता ने कहा कि यात्रा के दौरान परिवार के लिए कोई राजनीतिक कार्यक्रम निर्धारित नहीं है। राहुल 17 अगस्त को लद्दाख पहुंचे, अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से अलग होने के बाद इस क्षेत्र को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिए जाने के बाद यह उनकी पहली यात्रा थी। पूर्ववर्ती राज्य जम्मू और कश्मीर को भी अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जा हटाकर केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया गया। पिछले सप्ताह में, राहुल ने गुरुवार को कारगिल पहुंचने से पहले अपनी मोटरसाइकिल पर पैंगोंग झील, नुब्रा घाटी, खारदुंगला टॉप, लामायुरू और जांस्कर सहित क्षेत्र के लगभग सभी प्रसिद्ध स्थानों का दौरा किया है।

# सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के नए खंड का लोकार्पण

## पीएम मोदी के प्रेरक भाषणों को पढ़ सकेगी जनता : अनुराग ठाकुर

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सफलतम दूसरे कार्यकाल के जून 2020 से मई 2021 और जून 2021 से मई 2022 तक की अवधि में उनके द्वारा दिए गए भाषणों और संबोधनों में से संकलित कर दो खण्डों में रचित पुस्तक सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का केंद्रीय सूचना और प्रसारण, खेल एवं युवा मामले मंत्री श्री अनुराग ठाकुर और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में लोकार्पण किया। इन पुस्तकों की रचना सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग द्वारा की गई है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में केंद्रीय सूचना और प्रसारण, खेल एवं युवा मामले मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी भाषण प्रेरक रहे हैं। उनके हर भाषण में बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनमें से पुस्तक की रचना के लिए भाषणों का चुनाव करना चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक के एक खंड में 86 प्रेरक और दूसरे खंड में 80 प्रेरणादायी भाषणों का समावेश किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषणों में से महत्वपूर्ण विषयों पर उनके संबोधनों का संकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि इनमें स्टार्टअप इंडिया, सुशासन, नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति, आत्मनिर्भर भारत ,जय विज्ञान, जय किसान जैसे विषयों पर माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन को समाहित किया गया है।




श्री ठाकुर ने युवाओं और शोधकताओं से अपील की कि वे इस पुस्तक को अवश्य पढ़ें। इनमें बहुत कुछ जानने और सीखने के लिए मिलता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि चंद्रमा के साउथ पोल पर भारत के विक्रम लैंडर का उतरना एक बड़ी उपलब्धि है और दुनिया में पहली बार ऐसा हुआ है। उन्होंने यूपीआई और भीम ऐप जैसे ऐप का जिक्र करते हुए कहा कि डिजिटल पेमेंट की दुनिया में अब सर्वाधिक लेन-देन 46 प्रतिशत भारत में होते हैं। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में 45 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं और डीबीटी सिस्टम से हितग्राहियों को राशि सीधे पहुंचती है। श्री ठाकुर ने कहा कि भारत का युवा अब रोजगार देने वाला (जॉब गिवर) बन गया है। श्री ठाकुर ने कहा कि भारत ने दुनिया की तुलना में सर्वाधिक एक लाख से अधिक स्टार्टअप्स भारत में हैं।

श्री ठाकुर ने कहा कि दुनिया में सबसे सस्ता डेटा अब भारत में मिलने के साथ ही भारत ने अपनी 5जी तकनीक बना ली है और भविष्य में 6जी तकनीक बनाने वाला है।

# एबीवीपी ने सेंट जोसेफ कॉलेज प्रबंधन की मनमानी का किया विरोध

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मलिहाबाद नगर इकाई द्वारा सेंट जोसेफ कॉलेज की शैक्षिक समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। सेंट जोसेफ कॉलेज में बढ़ती फीस और शिक्षको के व्यवहार से नाराज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने विद्यालय के बाहर अपना आक्रोश जताया।जिला संयोजक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन का कोई भी फीस का मानक नहीं है,विद्यालय लगातार फीस को बढ़ाता जा रहा है और छात्र छात्राओं को शिक्षको के द्वारा प्रताड़ित भी किया जा रहा है।विभाग संयोजक अशोक पांडे ने बताया कि विद्यालय मे कुछ अध्यापकों द्वारा हिंदू संस्कृति का और छात्र छात्राओं को तिलक व कलावा बांध के आने पर रोक लगाया गया। विद्यार्थी परिषद ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया अपनी मांग को रखते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद की मांगों को 15 दिन के अंदर इसका निवारण किया जाए और विद्यालय के खिलाफ कार्यवाही की जाए नही तो एबीवीपी एक बड़े आंदोलन के लिए प्रयासरत होगी और ये भी कहा जिले के सभी ऐसे विद्यालय जिनका फीस का मानक तय नही है और छात्र हितों के खिआफ कार्य कर रही है वो भी आंदोलन के लिए तैयार रहे।आंदोलन में पुष्पा गौतम ,दिव्यानी सिंह, अकाश रावत ,अभिषेक सिंह ,दिव्यांशु ,पृथ्वी, सौरभ ,प्रखर ,आकाश प्रताप सिंह, राजू, दीपक सिंह ,पवन कुमार ,योगेश गुप्ता, राजा सिंह, सौरभ सिंह सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## वृतचित्र प्रदर्शन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

लखनऊ ।राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उ. प्र., लखनऊ के तत्वावधान में उर्दू अकादमी प्रेक्षागृह, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ में वर्ष 2020 - 21 में आयोजित लेख /कहानी /काव्य प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा, आई.ए.एस. अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ. प्र. ने की, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेन्द्र सागर, आई.पी.एस. (से.नि.) थे। वाणी वन्दना डॉ शोभा दीक्षित भावना ने प्रस्तुत किया एवं संचालन डॉ रश्मि शील व डॉ उमेश चन्द्र वर्मा आदित्य ने किया। अतिथियों का स्वागत डॉ रविशंकर पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्थान का परिचय एवं उपलब्धियों पर व्याख्यान संस्थान की महामंत्री डॉ0 सीमा गुप्ता द्वारा दिया गया।

# कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन लगने वाले भीषण जाम से राहगीर परेशान

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ सरोजनीनगर,कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरोजनी, कटी बगिया व जुनाब गंज में आए दिन लगने वाले जाम के झाम से राहगीरों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार की दोपहर भी हज हाउस से लेकर स्कूटर्स इंडिया चौराहे तक कानपुर की ओर जाने वाली सड़क पर करीब एक घंटे तक जाम के हालात बने रहे ।नतीजन करीब 10 मिनट की इस दूरी को पार करने में वाहन सवारों को घंटो लग गए।मालूम हो कि करीब 3 महीने से पीएनसी कंपनी द्वारा लखनऊ-कानपुर मार्ग पर एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते स्कूटर्स इंडिया चौराहा व कटी बगिया तिराहे पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है ।एग्जाम की वजह से एम्बुलेंस, स्कूली बच्चो को लेकर जाने वाले व आवश्यक वस्तुओं को लेकर जाने वाले वाहन आदि जब इस जाम की चपेट में आ जाते हैं तो दुश्वारियां और बढ़ जाती है ।यही नहीं यहां लगने वाले जाम में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व कई वीआईपी भी फॅस चुके हैं ।स्थानीय निवासियों के मुताबिक जब किसी वीआईपी का काफिलाइस जाम के जामसे दो चार होता है तो अधिकारी एक-दो दिन तो हरकत में रहते हैं,लेकिन उसके बाद यहां से गुजरने वाले राहगीरो को राम भरोसे छोड़ दिया जाता है। ऐसा नहीं है कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग कीयातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे इसके लिए ट्रैफिक पुलिस की भी ड्यूटी लगाई जाती है। परंतु स्कूटर इंडिया चौराहा, कटी बगिया तिराहा व जुनाब गंज तिराहे पर तैनात होने वाले यह ट्रैफिक पुलिस कर्मी अक्सर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की बजाय इधर से गुजरने वाले भार वाहनों, टेंपो व ई-रिक्शों से अवैध धन उगाही में मशगूल रहते हैं। वाहन सवारो का कहना है कि जब तक इस मार्ग पर एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाएगा तब तक जाम की समस्या से निजात मिलना मुश्किल है ।शनिवार को भी गौरी बाजार में कार्यदायी संस्था द्वारा एलिवेटेड रोड के निर्माण में गार्डर रखने के दौरान दोपहर करीब 12:00 बजे कानपुर की ओर जाने वाले यातायात को रोक दिया गया ।जिसकी वजह से स्कूटर्स इंडिया चौराहे से लेकर हज हाउस तक करीब एक घंटे लंबा जाम लगा रहा

## सरोजनी नगर में दो अलग-अलग जगह में वाहन चालकों का मिला शव

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। सरोजनीनगर में शनिवार को जहां एक लोडर वाहन चालक का शव संदिग्ध अवस्था में उसके वाहन के अंदर पड़ा मिला। वही एक अन्य ओला वाहन चालक का शव संदिग्ध हालत में ट्रेन की पटरी पर क्षत विक्षत पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से हरदोई जिले के बेनीगंज का रहने वाला राजीव (36) उन्नाव जिले के निवासी व सरोजनीनगर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में ढाबा चलाने वाले शिवम का लोडर वाहन चलाता था। शुक्रवार रात राजीव बरेली से भाड़ा उतार कर अपने लोडर से ढाबे का पास पहुंचा और लोडर खड़ी कर उसी में सो गया। शनिवार सुबह भाड़ा मिलने पर शिवम उसे जगाने पहुंचा तो राजीव अचेत अवस्था में पड़ा मिला। बाद में उसे आनन फानन लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने राजीव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि उसकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत के बारे में सही जानकारी पता चल सकेगी। वहीं कृष्णा नगर इलाके के पराग डेयरी के पास रहने वाले ओला चालक अनुज (20) का ट्रांसपोर्ट नगर के लाइन नंबर चार स्थित हिंद नगर के पास रेलवे पटरी पर पड़ा मिला। स्टेशन मास्टर से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान अनुज के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका पता नहीं चल सका है। जबकि मृतक अनुज के परिजनों की माने तो अनुज शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे घर से निकला था और देर शाम तक वापस नहीं लौटा। शनिवार सुबह उसका क्षत विक्षत शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# खाद कालाबाजारी पर लगाम लगाने के लिए जिला कृषि अधिकारी सख्त

**कंट्रोल रूम में करें खाद की ओवर रेटिंग की शिकायत: तेग बहादुर सिंह**

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। रासायनिक खाद व उर्वरकों के निर्धारित कीमत से अधिक वसूली करने वाले दुकानदारों पर लगाम लगाने के लिए कृषि विभाग ने कमर कस लिया है। लखनऊ जिला कृषि कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया। साथ ही अपर जिला कृषि अधिकारी प्रभारी नामित किया गया है। विभाग की ओर से लखनऊ टोल फ्री नम्बर 9198938099 जारी किया गया है।

टोल फ्री नम्बर पर किसान अधिक रकम वसूली किये जाने पर खुदरा विक्रेताओं की सीधी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।इस बात की जानकारी जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि निर्धारित कीमत पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए लखनऊ के ब्लॉक स्तर पर सहायक विकास अधिकारी कृषि नामित किए गए हैं।

जिला कृषि अधिकारी लखनऊ तेग बहादुर सिंह द्वारा बताया गया कि कई कंपनियों द्वारा यूरिया, डीएपी, एस एसपी व एन पी के की शीघ्र बिक्री हेतु फुटकर विक्रेताओं को इंसेंटिव का प्रलोभन दे कर उसको फुटकर विक्रेताओं से बिना वास्तविक बिक्री के फर्जी तरीके से जान पहचान वाले किसानों की बायोमेट्रिक करवाकर पीओ एस मशीन से खारिज की जा रही है इसके लिय जिला कृषि अधिकारी द्वारा सभी फुटकर विक्रेताओं को सचेत करते हुए कहा कि न तो बिना प्राप्त किए उर्वरक को अपनी आई एफ एम एस आई डी में प्राप्त करें और न ही फर्जी तरीके अपनाकर अवास्तविक किसानों को उनकी बायो मैट्रिक लगाकर बिक्री दिखाएं । उन्होंने बताया कि सभी तहसीलों में सघन जांच कराई जा रही है इस जांच में यदि किसी विक्रेता की पीओ एस मशीन में उपलब्ध स्टाक और भौतिक/ वास्तविक स्टाक मे में मिलान करने पर भिन्नता पाई जाती है तो उस विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ साथ उन्होंने बताया कि जिले में उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है । साथ ही कहा कि किसानों को यदि खुदरा मूल्य से अधिक पैसे में उर्वरक कोई विक्रेता बेचता है तो वह उसकी शिकायत कृषि विभाग के अधिकारी को दें। ताकि समय रहते ही उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## स्वास्थ विभाग की टीम ने सिसेंडी पहुंचकर बुखार पीड़ितो के खून की जांच,बांटी दवायें

**बीडीओ के निर्देश पर सचिव ने गांव पहुंचकर साफ-सफाई कराये जाने के साथ एंटी लार्वा का कराया छिड़काव**

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज क्षेत्र के सिसेंडी गांव में तेज बुखार की चपेट में आये आधा दर्जन लोगो की निजी पैथालाजी में हुयी जांच में डेगूं की पुष्टि होने के बाद परिजन निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहे है, शनिवार को समाचार पत्रो में सिसेंडी गांव में डेगूं की दस्तक की छपी खबरो को संज्ञान में लेकर उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य ने सीएचसी अधीक्षक को डाक्टरो की टीम के साथ बुखार से प्रभावित मोहल्ले में जाकर जांच कर दवाये वितरित करने व बीडीओ को साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराये जाने समेत एंटी लार्वा का छिड़काव व फांगिग कराये जाने के निर्देश दियें ।जिसके बाद सीएचसी अधीक्षक डा०अशोक यादव ने डाक्टरो व स्वास्थकर्मियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बुखार से पीड़ित चार लोगो के खून की जांच कर दवायें वितरित की तो वही सचिव डीपी सिहं ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियो को लगाकर साफ-सफाई कराये जाने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव कराया ।पीड़ित परिवारो ने स्वास्थ विभाग की टीम पर खाना पूर्ति कर ब्लड की कार्ड में जांच कर डेगूं ना होने की पुष्टि कर दी उनके ब्लड को लैब में जांच के लिये नही भेजा गया।

सीएचसी अधीक्षक डा०अशोक कुमार ने बताया बुखार से पीड़ित चार लोगो के ब्लड की जांच की गयी,जिसमें डेंगू की पुष्टि नही हुयी हैं,दवाओ का वितरण कर दिया गया है,प्रतिदिन टीम गांव जाकर निगरानी भी रखेगी।

## पीडब्लूडी के हॉट मिक्स प्लांट में तैनात सविंदाकर्मियों को चार माह से नही मिला वेतन,प्रदर्शन

**मोहनलालगंज के धर्मावतखेड़ा में स्थित पीडब्लूडी के हांट मिक्स प्लांट में तैनात तीन दर्जन संविदाकर्मियो को चार माह से नही मिला वेतन,भुखमरी की कगार पर परिवार**

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज के धर्मावतखेड़ा में स्थित लोक निर्माण विभाग के यात्रिंक खंड-2 के हॉट मिक्स प्लांट में तैनात तीन दर्ज?न सविंदाकर्मियों को बीते चार महीनो से वेतन नही मिला,जिसके चलते उनका परिवार जहां एक ओर भूखमरी की कगार पर है तो वही दूसरी ओर बच्चो के स्कूल की फीस जमा नही हो पा रही है,शनिवार को वेतन ना मिलने से नाराज दर्जनो सविंदाकर्मियों ने हांट मिक्स प्लांट में प्रदर्शन शुरू कर विभागीय मंत्री के सामने ट्रायल के लिये जा रही सड़क मरम्मत एम्बुलेंस को रोक कर वेतन का भुगतान किये जाने के बाद ही एम्बुलेंस को जाने देने की बात कही ।कर्मचारियों ने वेतन का भुगतान ना किये जाने पर आत्मदाह की भी चेतावनी दी। प्रदर्शन की सूचना पीडब्लूडी चीफ के पास पहुंची तो उन्होने सहायक अभियता शरद नायक को मौके पर भेजकर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों से फोन पर वार्ता कर उनके द्वारा लगाये गये भ्रष्टाचार के आरोपो की जांच समेत रूके वेतन को जारी कराने का आश्वासन दिया,जिसके बाद आक्रोशित कर्मचारी शांत हुये ओर प्रदर्शन समाप्त किया। सविंदाकर्मियों ने बताया साजिश के तहत हॉट मिक्स प्लांट को यहा तैनात अधिकारी बंद कराना चाहते है,इसी लिए बीते पांच महीनो से प्लांट बंद है।

कर्मचारियों ने प्लांट में तैनात अफसरो पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुये 55कर्मचारियों का वेतन विभाग से निर्गत कराया जाता है,जब कि 35 कर्मचारी ही प्लांट में तैनात है ।अधिशासी अभियंता डी के वर्मा ने बताया मिक्स प्लांट बंद होने के कारण सविंदाकर्मियों का वेतन नही जारी किया गया है।

## निगोहां पुलिस ने 11वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ ।निगोहां के गोड़ियनखेडा गांव में दो दशक पहले राजस्व टीम पर हमले के मामले में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वांरट जारी होने के बाद फरार चल रहे 11अभियुक्तो को शनिवार को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से सभी अभियुक्तो को जेल भेज दिया गया ।ज्ञात हो 1999 में गोड़ियनखेड़ा गांव में दर्जनों ग्रामीणों ने राजस्वटीम पर हमला बोल कर पथराव कर दिया था। जिसमें कई राजस्वकर्मी घायल गए थे। तत्कालीन नायब तहसीलदार ने निगोहा थाने पर सरकारी कार्य में बाधा, बलवा कई दर्जन लोगो पर सहित मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था,उक्त मामले में ही न्यायालय में उपस्थित ना होने पर एनबीडब्ल्यू वांरट जारी हुआ था। इंस्पेक्टर विनोद यादव ने वारंटी मुकेश,रामदास, बजरंग प्रसाद,उमेश, पुनवासी,मुन्नालाल, रामचंद्र,श्रीकिशन, मदारी,रामबहादुर, हरिशंकर को गोड़ियनखेड़ा गांव स्थित घरो से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से सभी अभियुक्तो को जेल भेज दिया गया।

# गरीब परिवार को जालसाजों के खिलाफ न्यायालय में वाद दाखिल करना पड़ा महंगा

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। बिजनौर इलाके में करीब डेढ़ माह पहले जालसाजों के खिलाफ एससी/ एसटी न्यायालय में वाद दाखिल करना एक गरीब परिवार को काफी महंगा पड़ गया। नतीजा यह की आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न होने से वह आए दिन पीड़ित परिवार को तरह-तरह की धमकी दे रहे हैं।इससे परेशान पीड़ित महिला ने बिजनौर थाने के अलावा मुख्यमंत्री को पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। बिजनौर के परवर पूरब गांव निवासी शांति देवी के मुताबिक गांव के ही नीरज शुक्ला और अजय गौतम ने मिलकर करीब साल भर पहले उसके अनपढ़ बेटे विनोद गौतम को मोबाइल दिलाने के बहाने उससे कुछ कागजातों पर हस्ताक्षर करा लिए। बाद में उसके नाम 22 अगस्त 2022 को टाटा पांच कार फाइनेंस करवा ली। बाद में फाइनेंस की किस्त ना जमा होने पर शांति के घर जब उसकी नोटिस पहुंची तब उसे इसकी भनक लगी। उसने इसकी शिकायत नीरज शुक्ला और अजय गौतम से की, लेकिन आरोप है कि वह भड़क गए। कुछ दिनों बाद फिर एक नोटिस उसके घर पहुंची। तब परेशान होकर पीड़ित ने जनसुनवाई पोर्टल पर इसकी शिकायत करने के साथ ही बिजनौर पुलिस को इसकी लिखित तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने मामले की रिपोर्ट नहीं दर्ज की। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से इसकी शिकायत की। आरोप है की शिकायत के बाद आरोपी पीड़ित के ऊपर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने लगे। जब उन्होंने मना किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। शांति का कहना है कि बाद में उसने आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी न्यायालय में वाद दाखिल किया। जब इसके बारे में आरोपी अजय गौतम को पता चला तो वह 10 अगस्त 2023 की रात शराब पीकर पीड़ित के घर पहुंचा और गाली गलौज करने के साथ उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चला गया। शांति का कहना है कि उसकी इस धमकी से सदमे में आए बीमार बेटे विनोद की 11 अगस्त को मौत हो गई। शांति ने उसकी मौत का जिम्मेदार नीरज शुक्ला और अजय गौतम को ठहराया है। शांति का आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी आए दिन उन्हें तरह-तरह की धमकियां दे रहे हैं। जिससे परेशान होकर उसने बिजनौर थाना प्रभारी के अलावा मुख्यमंत्री को पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## अवैध रूप से यात्रा कर वापस लौटे यात्री को इमीग्रेशन अधिकारियों ने पकड़ा

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। प्रतिबंधित देश की अवैध रूप से यात्रा कर लखनऊ वापस लौटे एक यात्री को इमीग्रेशन अधिकारियों ने राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात धर दबोचा। अधिकारियों ने पूछताछ करने के बाद उसे सरोजनीनगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। राजधानी लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर तैनात इमीग्रेशन के कनिष्ठ आसूचना अधिकारी सच्चिदानंद के मुताबिक शुक्रवार रात वह एयरपोर्ट के अराइवल विंग में ड्यूटी पर तैनात थे। तभी इंडिगो की उड़ान (6ई 1484) के क्लीयरेंस के दौरान रात करीब 11:45 बिहार प्रांत के सीवान जिले में सिसवान थानान्तर्गत रामगढ़ का रहने वाला यात्री अफजल शाह अराइवल इमीग्रेशन के लिए काउंटर नंबर दो पर पहुंचा। जहां इमीग्रेशन के लिए उसके द्वारा दिए गए पासपोर्ट पर यमन का वीजा लगा मिला। जबकि भारतीय नागरिकों के लिए केंद्र सरकार द्वारा यमन की यात्रा प्रतिबंधित है। यमन का वीजा देखते ही इमीग्रेशन अधिकारियों द्वारा उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो यात्री अफजल ने बताया कि वह 3 अप्रैल 2022 को टूरिस्ट वीजा पर मुंबई एयरपोर्ट से दुबई के रास्ते अवैध रूप से यमन गया था। पूछताछ के बाद इमीग्रेशन अधिकारियों ने उसे सरोजनीनगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। सरोजनीनगर पुलिस इमीग्रेशन अधिकारी सच्चिदानंद की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# थाना प्रभारी को पीएनसी कंपनी की लापरवाह कार्यशैली से नाराज व्यापारियों ने 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ।एलिवेटेड कानपुर रोड निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी की सुस्त और लापरवाह कार्य शैली से नाराज सरोजनीनगर के व्यापारियों ने शनिवार को 16 सूत्रीय ज्ञापन सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी को सौंपा। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ संगठन मंत्री ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में व्यापारियों ने एनएचएआई और पीएनसी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हाइडिल नहर स्थित मुख्य चौराहे पर पुलिस चौकी होने की वजह से रास्ता संकरा है। कई बार कहने के बाद भी पीएनसी द्वारा पुलिस चौकी को यहां से स्थानांतरित नहीं किया गया। इसकी वजह से यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने यहां पर सड़क पार करने के लिए करीब 10 फीट रास्ता और खोलने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रास्ता संकरा होने के कारण एंबुलेंस, स्कूली बच्चे ,ऑफिशियल लोग और व्यापारियों को आने-जाने में दिक्कत होती है। साथ ही पीएनसी की लापरवाही से सड़क की यहां पर दुर्दशा हो गई है और सड़क पर गिट्टी फैली होने के कारण लोग आए दिन फिसल कर गिरते रहते हैं। उनका कहना है कि यहां जाम का मुख्य कारण लखनऊ से कानपुर की ओर जाने वाली रोड पर हाइडिल नहर से स्कूटर इंडिया चौराहे तक बीच में नाला होना है।इसके लिए रैम्प तो बनाए गए , लेकिन वह कम हैं।जिसकी वजह से आए दिन जाम के हालात बने रहते हैं। व्यापारियों ने दिए गए ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि अगर रविवार अपराह्न 2 बजे तक एनएचएआई और पीएनसी अधिकारियों द्वारा व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो यहां के सभी व्यापारी अपनी दुकानों में तालाबंदी कर पीएनसी को किसी प्रकार का निर्माण कर नहीं करने देंगे। थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ. एके सिंह, जिला संगठन मंत्री अंबुज शर्मा, विधानसभा उपाध्यक्ष बलवीर यादव, सरोजनीनगर चेयरमैन शैलेंद्र कुमार यादव, जितेंद्र हजेला, अयोध्या प्रसाद कुशवाहा, राजेश सिंह भदोरिया, अमित जायसवाल, अजय प्रजापति, शिवजी सोनी और गुरु प्रसाद श्रीवास्तव सहित कई अन्य दुकानदार मौजूद रहे।

## राजकीय हाईस्कूल में भारतीय लोकनृत्य की छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुति



**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ**।निगोहां के मस्तीपुर गांव में स्थित राजकीय हाईस्कूल विद्यालय में शनिवार को यूथ क्लब के तत्वाधान में 'भारतीय लोकनृत्य' कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें छात्राओं ने भारत के विभिन्न राज्यों पंजाब, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा आदि के लोक नृत्य प्रस्तुत करते हुये वहा की विशिष्ट संस्कृति की झलक प्रस्तुत की ।जिससे सभी को अपनी भारतीय संस्कृति की विविधता पर गर्व का अनुभव हो सके ।लोकनृत्य की प्रस्तुती देने वाली छात्राओ माही, शुभी, लाडली, स्नेहा, रिया, शिखा, सुलोचना, स्वाति, सोनम, महिमा, कोमल, शीबा, फिजा, अजुंम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।ईसीओ क्लब के अन्तर्गत विद्यालय का सौंदर्यीकरण,साफ सफाई, वृक्षारोपण, पर्यावरण की रक्षा का संकल्प आदि का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया ।इस मौके पर प्रधानाचार्य किरण यादव,शिक्षक आकांक्षा पाठक,ज्ञानेन्द्र पांडे,पूजा सिहं,धर्मेन्द्र सिंह,रमेश चन्द्र समेत छात्र-छात्राये मौजूद रही।

## संक्षेप

### आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकराया ट्रक, चालक घायल

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर मेडिसिन लदा ट्रक मोहित पुत्र नारद के ट्रक के आगे चल रहा था अभी वह औरास थाना क्षेत्र मे पहुंचा ही था की आगे चल रहे ट्रक का टायर फट जाने से मोहित का ट्रक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया जिसमे मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया यूपीडा के कर्मियों ने घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास मे भर्ती कराया गया जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है घायल चालक ने बताया कि ट्रक चंडीगढ़ से दवाइयाँ लादकर लखनऊ जा रहा था।

### सफाई कर्मी की चोरों ने पार कर दी साइकिल

पुरवा, उन्नाव। शौचालय में सफाई करने गए एक सफाई कर्मचारी की साइकिल अज्ञात चोर चुरा ले गए कस्बे के मोहल्ला पीरजादी गड़ी निवासी रामकुमार ने कोतवाली में शिकायती पर देकर बताया कि वह नगर पंचायत में सफाई कर्मचारी है आज 11 बजे मोहल्ला दुर्गापुर स्थित सामुदायिक शौचालय की सफाई करने गया था तथा शौचालय के बाहर साइकिल खड़ी कर अंदर सफाई करने लगा इसी दौरान कोई अज्ञात चोर उसकी साइकिल चुरा ले गया बाहर आकर देखा तो उसकी साइकिल नहीं मिली पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### एसडीएम की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली परिसर में एसडीएम अतुल कुमार ने सीओ दीपक कुमार की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की।जहां ग्राम त्रिपुरारि पुर के संजय त्रिपाठी ने दो माह पूर्व ठाकुरद्वारा से दो बेशकीमती मूर्तियों की चोरी का शीघ्र ही राजफाश किये जाने की मांग की।जिसमें क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पुलिस के 04 व राजस्व के 03 सहित कुल 07 मामले आये।उपजिलाधिकारी ने पुलिस/राजस्व टीम गठित कर लम्बित वादों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारण कराने के निर्देश दिये हैं। इस मौके पर कोतवाल सुरेश कुमार व अपराध निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी सहित राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मौजूद थे वहीं क्षेत्र अधिकारी पुरवा ने बताया की जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

### दो बाइकों की आमने सामने भिंडत में दो युवक घायल

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के भगवंत नगर चौराहे के पास बीती देर शाम दो बाइकों की आमने सामने जोरदार भिंडत हो गई जिसमे बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए दोनो को पी एच सी ले जाया गया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते हुए दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया थाना मौरॉवा क्षेत्र के अकबर खेड़ा निवासी अमन 26 वर्ष पुत्र ललित वर्ष कस्बे में स्थित वेद पैथोलाजी में काम करता है बीती देर शाम वो अपनी बाइक से जा रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार संतोष सिंह 50 वर्ष पुत्र महेश सिंह जनपद रायबरेली थाना सरेनी क्षेत्र के इब्राहिमपुर की बाइक से भगवंत नगर चौराहे पर आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई जिससे दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि संतोष सिंह नशे की हालत में था दोनो घायलों को पी एच सी सुमेरपुर में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद डॉ ने दोनो की गंभीर हालत देखते जिला अस्पताल भेज दिया वही अमन के परिजन उसे कानपुर के रिजेंसी ले गए।

# बेटी बचाओ बेटी खेलाओ के तहत कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बेटी बचाओ बेटी खेलाओ एवं नेहरू युवा केंद्र,के तत्वावधान में युवा संवाद इंडिया का आयोजन हरिवंश राय बच्चन महाविद्यालय में किया गया।हरिवंश राय बच्चन महाविद्यालय का खचाखच भरा हाल जोश से भरे जनपद भर से आये नवयुवक तालियों और भारत माता के नारों से लगातार गूँजता हाल मे सर्वप्रथम युवाओं के प्रेणास्त्रोत स्वामी विवेका नन्द जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वालित कर शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम शंकर मीणा ज्यवाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि युवा एक मानसिक अवधारणा है यदि कोई व्यक्ति मानसिक रूप से मजबूत है तो वहां पर युवा है हमें प्रधानमंत्री के पंच वर्णों के माध्यम से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है।यह यह लक्ष्य भारत के सभी नागरिक एकजुट होकर ही प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक नागरिक को अपना कार्य ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि उप ललित द्विवेदी वरिष्ठ भाजपा युवा नेता ने कहा कि युवा पंच प्रणों का पालन धृष्टता से करें जिससे विकसित राष्ट्र का सपना पूरा किया जा सके। हमें जानने की जिज्ञासा सदैव जीवित रखनी चाहिए। पी के मिश्रा महामंत्री जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने कहा कि युवा हर वा व्यक्ति है जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहता है। युवा को उम्र की सीमा में बांधकर नहीं रखना चाहिए। राष्ट्र के विकास के लिए स्वस्थ रहना आवश्यक है जब हम स्वस्थ होंगे । तभी हमारा देश समृद्धि की ओर बढ़ेगा। विशिष्ट अथिति विनीत गहलावत जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति विशिष्ट है और प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं को अपना आदर्श बनना चाहिए।

विशिष्ट अथिति के बी श्रीवास्तव प्राचार्य हरिवंश राय बच्चन ने अमृत काल के पंच प्रण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने विगत वर्ष 15 अगस्त के अवसर पर पंच प्रण की घोषणा की थी जिसके लक्ष्य 2047 तक निर्धारित किए गए हैं। इनको प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। अमृतकाल में हमें अपने लक्ष्य निर्धारित करने होंगे प्रधानमंत्री के पंच प्रण अपने दिलों दिमाग में बैठाना होगा।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कवि सुरेश फक्कड़ ने किया। सोनू सिंह सचिव बेटी बचाओ बेटी खेलाओ फाउंडेशन ने सभी का आभार वक्त किया।साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को पंच प्रण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से धर्मेंद्र शर्मा, अभिषेक श्रीवास, दीपेंद्र सिंह, महाविद्यालय स्टॉप सहित लगभग 300 युवा उपस्थिति रहे।

# खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर, बाढ़ पीड़ित

अमन लेखनी समाचार



शुक्लागंज, उन्नाव। गंगा का रौद्र रूप दिखने लगा है। चारों ओर पानी भरने से कोहराम मचा हुआ है।जिला प्रशासन ने किसी की स्थिति से निपटने के लिए जल पर बराबर नजर बनाये हुये हैं। वहीं राजस्व विभाग की टीम बाढ़ केन्द्र पर रहने के साथ ही बाढ़ क्षेत्रों का दौरा कर बाढ़ की स्थिति का जायजा ले रही है। कई मोहल्ले जलमग्न हो गए हैं।वहां के लोग सड़क पर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।प्रशासन की ओर से अभी कोई राहत नहीं पहुंचाई गई है।गंगा का पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है।नगर के चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, इंद्रा नगर, रविदास नगर, श्री नगर, अवस्थी फार्म हाउस, गायत्री नगर, भातू फार्म, ठाकुर खेड़ा में सैकड़ों मकान जलमग्न हो गए हैं।वहीं ग्रामीण क्षेत्र के सरैयां, लक्ष्मी खेड़ा, रजवा खेड़ा, पीपर खेड़ा डेरा, निहाल खेड़ा, पोनी, अखलॉक नगर, रतीराम पुरवा, त्रिभुवन खेड़ा समेत दर्जनों गांव जलमग्न हो गए हैं।गंगा का पानी ग्रामीण क्षेत्रों में भर गया है। जिससे ग्रामीणों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।कच्चे मकानों के लिये खतरा बना हुआ है।वहीं मुख्य मार्गें में पानी भरने से आवागमन भी बाधित हो गया है।गंगा का पानी तेजी से शुक्लागंज में पहुंच रहा है। भातू फार्म, कंचन नगर में बाढ़ का पानी भरने से जिला प्रशासन की ओर से नावें लगवाई गई हैं।लेखपाल ने बताया कि अब तक बाढ़ क्षेत्रों में 42 नावें लगवाई जा चुकी हैं।

# प्राथमिक स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार




अमनलेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रावतपुर में बने प्राथमिक विद्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंकित सिंह समाज सेवक व पत्रकार ने बच्चो के साथ रक्षाबन्धन त्योहार मनाया। साथ ही रक्षाबन्धन पर्व का महत्व बच्चो को बताया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य -सुमन निगम, अध्यापिका -दीक्षा, डाली, बन्दना, व सहायक के रूप में हेमा, आशा, उपस्थित रही ।ग्रामवासियो में सुनील कुमार, सिया दुलारी , पंचायत सहायक राजेश सिंह, राजेश अवस्थी, अमरेन्द्र सिंह, रवीन्द्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे ।सभी लोगो ने बच्चों को रक्षाबन्धन की जानकारी के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पूर्व सांसद को सपा के कार्यकर्ताओ ने दी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। समाजवादी पार्टी के पूर्व ज़िलाध्यक्ष, पूर्व सांसद, एवं पूर्व मंत्री स्व० अनवार अहमद की 101 जन्मदिवस सपा कार्यालय सिविल लाइन उन्नाव में सभी कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यानपड़ कर श्रद्धॉंजलि अर्पित की।

सपा ज़िलाध्यक्ष राजेश यादव ने संबोधित करते हुए कहा की बाबू जी जनपद उन्नाव में राजनैतिक भीष्मपितामा की भूमिका में सदैव रहे। बाबू जी ने कभी भी जात-धर्म में कोई भेद भाव नहीं किया । श्री यादव ने कहा की हम सबको बाबू जी के बताये हुए रास्ते पर चलकर एक बार पुनः जनपद में समाजवादी पार्टी का परचम लहरायेंगे यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी. के. त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी का एक एक कार्यकर्ता या नेता बाबू जी से राजनीत का ककहरा पढ़ा है बाबू जी ने अपने जीवन में तमाम लोगो को वरिष्ठ पदो तक पहुँचाने में अपनी अहम भूमिका निभाई थी।

इसके उपरांत सपा महासचिव उजहर अहमद ने बाबू जी के जन्म दिवस के अवसर पर पुरानी बाजार स्थित उनके निवास पर भंडारे का आयोजन किया जिसका शुभारंभ सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने किया।इस मौके पर राजेश कुमार साधु, आलोक निगम, मनजीत यादव, नरेंद्र लोधी, मो० इस्माइल, रमन पटेल,आलोक सिंह, शीलू यादव, सुबोध त्रिपाठी, धीरेंद्र यादव, राहुल अग्निहोत्री, लवकेश श्रीवास्तव, बलेन्द्र यादव, हरीश किदवई, अरुण सविता, सलमान खान, छोटे लाल भारती, शरीफ खान, सानू सभासद, अमन अंजुम, अंकित यादव, आदि लोग मौजूद रहे।

# बीते दिनों हत्या कर शव को जलाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में 22 अगस्त को एक व्यक्ति की हत्या कर शव को जलाने की घटना कारित करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दे कि 22 अगस्त को सन्तोष कुमा कनौजिया उर्फ बिहारी 45 पुत्र बैजूलाल कनौजिया न्यू कटरा कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव के मकान में एक अज्ञात पुरुष का जला हुआ शव मिला था, जिस पर शव की शिनाख्त प्रमोद उर्फ शर्वांग बाबा 50 पुत्र चमनलाल निवासी लंढोरा थाना मंगलोर जनपद हरिद्वार ( उत्तराखण्ड ) के रुप मे हुई, जो एक तांत्रिक था। जिसकी मकान मालिक संतोष उपरोक्त से 10-12 साल से जान पहचान थी। थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा संतोष उपरोक्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो संतोष ने बताया कि शर्वांग बाबा (मृतक) को वह बांगरमऊ लेकर आया था, शर्वांग बाबा ने मेरे पुत्र को सट्टे का आदी बनाया था, जिस कारण 1.5 वर्ष पूर्व मेरे पुत्र द्वारा आत्महत्या कर ली गई थी, अपने पुत्र की मृत्यु के सम्बन्ध में सर्वांग बाबा से जानकारी करने पर बाबा द्वारा उसके मृत पुत्र को अपशब्द कहे गये। तथा संतोष द्वारा अपने पुत्र के सम्बन्ध में ऐसी बातें सुनकर क्षुब्ध होकर योजनाबद्ध तरीके से अपने साथी शेरू उर्फ शेर सिंह 30 पुत्र रमेश कुमार मुन्नूमियां तलैया कस्बा व थाना बांगरमऊ के साथ मिलकर प्रमोद उर्फ शर्वांग बाबा की हत्या कर शव को जला दिया था। उपरोक्त घटना के संदर्भ में थाना बांगरमऊ पर मुकदमा पंजीकृत कर दोनों अभियुक्तगण को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

# अवैध शराब समेत होटल संचालक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। अवैध शराब की बिक्री कर रहे होटल संचालक को आबकारी विभाग की टीम व स्थानीय पुलिस ने होटल में छापेमारी कर अंग्रेजी व देशी शराब बरामद कर होटल संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया बताते हैं कि होटल संचालक ट्रक चालकों को शराब की बिक्री करता था

थाना बीघापुर क्षेत्र के सिकंदरपुर कर्ण उन्नाव रायबरेली मार्ग पर कलश ढाबा नाम से होटल संचालित है जिसमे मार्ग से गुजरने वाले वाहन रुककर खाना पीना करते हैं आबकारी निरीक्षक सफीपुर पुरोषतम प्रसाद टंडन आबकारी निरीक्षक हसनगंज कुमार गौरव सिंह को सूचना मिली की होटल में अवैध शराब की बिक्री की जाती है आबकारी विभाग की टीम ने स्थानीय बीघापुर पुलिस के साथ उक्त होटल में छापा मारा जहा पर टीम को विदेशी मदिरा ब्रांड 8 पी एम 52 टेट्रा पौवा विदेशी मदिरा ब्रांड मैकडावल 34 पौवा देशी शराब दीवाना ब्रांड 20 पौवा बीयर ब्रांड किंगफिसर 10 केन बरामद अवैध रूप से बरामद किया वही मौके से होटल संचालक अशोक सिंह पुत्र रामचंद्र निवासी बैराजमऊ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# पुलिस लाइन के बच्चे अंग्रेजी में करेंगे बात, क्लास हुई शुरू

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस परिवार के बच्चों को अब इंग्लिश स्पीकिंग सीखने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। वामा सारथी वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से मुफ्त में बच्चों को इंग्लिश स्पीकिंग सिखाई जाएगी। इसकी शुरूआत उन्नाव पुलिस लाइन से की गई। एक शिक्षिका के द्वारा छात्र छात्राओं को अंग्रेजी लिखने और बोलने की जानकारी दी गई। जिससे छात्र अब कुछ दिनों बद अंग्रेजी में बात करेंगे। पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में पुलिस लाइन उन्नाव में वामा सारथी उत्तर प्रदेश वेलफेयर एसोशियन के तत्वाधान में शासन के अनुसार पुलिस लाइन में रहने वाले आवासीय पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स की निशुल्क कक्षाएं पुलिस लाइन परिसर में शुरू की गई। जिसमें पुलिस लाइन में रहने वाले सभी छात्र-छात्राएं इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स सीखेंगे। अंग्रेजी विषय की शिक्षिका रागनी के द्वारा सभी को इंग्लिश की महत्ता के बारे में समझाया गया और इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स की कक्षाओं की शुरूआत की गई। जिसमें छात्र छात्राओं व आवासीय लोगों ने रूचि दिखाई। कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग परिवार कल्याण से महिला मुख्य आरक्षी सुरेखा शर्मा, महिला मुख्य आरक्षी संगीता वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल राशिद, वामा सारथी कोऑर्डिनेटर डॉ आशीष श्रीवास्तव का रहा पुलिस लाइन परिसर में शुरू हुई इंग्लिश स्पीकिंग की क्लास को लेकर को सिटी आशुतोष कुमार ने बताया कि जो भी पुलिस कर्मियों के बच्चे अंग्रेजी के विषय में कमजोर हैं उन बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जिससे कि वह अंग्रेजी विषय को मजबूत कर सकें और अपना फ्यूचर बना सकें।किसी भी छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# बाढ़ से पीड़ित ग्रामीणों को भोजन किया वितरित



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। बाढ़ से पीड़ित ग्रामीणों को संस्था के कमीयों ने शिविर में रहे है बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों को भोजन वितरण किया इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की भी साथ में मौजूद रही बताते चले कि इस समय गंगा नदी में उफान के चलते क्षेत्र के कई गांव पानी से डूब गए जिससे वहा के निवासी ग्रामीण अपना अपना घर छोड़ कर बनाए गए शिविर में अपने दिन गुजार रहे हैं जिसके चलते स्माइल इंडिया फाउंडेशन सिटी केयर हॉस्पिटल,सफीपुर द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों व सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सफीपुर द्वारा बनाए गए स्वास्थ शिविरों में बाढ़ पीड़ितों को भोजन वितरण कराया गया चिकित्सा अधीक्षक डॉ.राजेश कुमार वर्मा, सचिन दीक्षित ,सचिन सिंह ,रणधीर सिंह ,विनीत , चुन्नू व समस्त स्वास्थ टीम मौजूद रही।

# पेड़ों को राखी बांधकर वृक्ष रक्षा जन सुरक्षा का दे रहे संदेश

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। एक लाख से अधिक पौधे लगाने वाले ट्री मैन के नाम से मशहूर उत्तर प्रदेश पुलिस में सीनियर सब इंस्पेक्टर के पद पर सेवारत और उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा आज जूनियर हाई स्कूल हिंदू खेड़ा ब्लॉक सिकंदरपुर सरोसी , उन्नाव में बच्चों के साथ पेड़ - पौधों को ₹ पर्यावरण राखी ₹ ( रक्षा सूत्र ) बांध कर उनकी रक्षा का संकल्प लेने के उद्देश्य से ₹ वृक्ष रक्षा - जन सुरक्षा ₹ मुहिम की शुरूआत की गई ।स्कूल के प्रांगण में पर्यावरण रक्षा उत्सव का आयोजन किया गया जिसकी शुरूआत पेड़ पौधों की पूजा अर्चना से हुई ।पेड़ों को तिलक लगाकर आरती की गई , इसके बाद हाथ से बनाई गई पर्यावरण राखी को बच्चों द्वारा पुलिस अंकल अनूप मिश्रा के साथ पेड़ पौधों को बांधा और उनकी रक्षा का संकल्प लिया गया। बच्चों ने पेड़ पौधों को राखी बांधों रक्षा का संकल्प करो , पेड़ हमारे भाई भाई हैं नदी हमारी माई है जैसे नारे लगाए । इस अवसर पर राखी बांधों पेड़ रक्षा जन सुरक्षा अभियान संयोजक अनूप मिश्रा अपूर्व ने कहा कि विगत 20 वर्षों से रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर और उसके पूर्व मानसून सत्र में अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी रक्षा के लिए पर्यावरण राखी बांधी जाती है जिससे नई पीढ़ी में पर्यावरण के साथ आत्मीय संबंध और भावनात्मक रिश्ता बनाने का भाव जागृत हो सके साथ ही इस त्यौहार को पेड़ों की सुरक्षा के साथ जोड़ा जा सके । उत्तराखंड में करीब साढ़े चार दशक पहले चलाए गए चिपको आंदोलन की तर्ज पर उन्नाव जिले में पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा पेड़ - पौधों की रक्षा हेतु लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज एक विशेष अभियान शुरू किया गया । इस पुलिस वाले की अनूठी पहल को बच्चों , शिक्षकों के साथ - साथ हर वर्ग और संप्रदाय से व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है ।अनूप मिश्रा अपूर्व ने आज जूनियर हाईस्कूल हिंदू खेड़ा में बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि वस्तुतः दिन प्रतिदिन हरे भरे वृक्षों के तेजी से होते कटान और बढ़ते कंकरीट के जंगल ने समाज के सामने एक बहुत बडी चुनौती खड़ी कर दी है यदि इस विद्रूपता को समय रहते नियंत्रित न किया गया तो आने वाली पीढ़ियों का जीवन काफी दुश्वार हो जाएगा। आज बिगड़ते पर्यावरण संतुलन का ही परिणाम है कि दमा, थायराइड, मोटापा, त्वचा रोग, दिमागी बुखार के अलावा विभिन्न प्रकार के कैंसर सहित कई तरह की लाइलाज बीमारियां लगातार बढ़ती जा रही। उत्तर प्रदेश पुलिस में सीनियर सब इंस्पेक्टर के पद पर सेवारत और उन्नाव जिले के पुलिस कंट्रोल में तैनात पुलिस दंपती अनूप मिश्रा अपूर्व और उनकी पत्नी रीना पाण्डेय सीनियर सब इंस्पेक्टर ने रक्षा बंधन पर्व को वृक्ष रक्षा जन सुरक्षा अभियान से जोड़ते हुए पेड़ों को राखी बांधने का सिलसिला शुरू किया है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया जा रहा है कि पेड़-पौधे जीवधारी है, वे हमारे जीवन रक्षक है, वे हमारे मित्र हैं।वह हमें प्राणवायु देते हैं और पर्यावरण संतुलन के लिए सबसे ज्यादा जरुरी हैं। अनूप मिश्रा अपूर्व को पूरा विश्वास है कि इससे लोगों में पेड़ों के प्रति जागरुकता आएगी और वह पेड़ काटने के बजाए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित होंगे। अनूप मिश्रा ने बताया कि इस मुहिम को रक्षाबंधन पर्व 31 अगस्त तक चलाया जायेगा जिसमें कई स्कूल और पार्कों में राखी बांधों कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसके तहत पेड़ पौधों की निराई गुड़ाई होगी ।पेड़ों को तिलक लगाकर उन्हें रक्षा सूत्र बांध कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया जायेगा । इस पर्यावरण संरक्षण सरोकार में पुलिस सब इंस्पेक्टर रीना पाण्डेय , अंजू पाण्डेय , सुरेश कन्नौजिया ( सहायक शिक्षक ) ने विषेश सहयोग किया ।

# बीजेपी के कार्यकर्ताओ ने कार्यशाला का किया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। ग्रामीण मंडल द्वितीय में आज भारतीय जनता पार्टी के द्वारा तिकोनिया पार्क शांतिनिकेतन गेस्ट हाउस में कार्यशाला का आयोजन किया गया मंडल द्वितीय ग्रामीण के इस कार्यक्रम में जिसमें मुख्य अतिथि जिलाअध्यक्ष द्वारा आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई इस मौके पर नगर के मंडल तथा सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा तिकुनिया पार्क शांतिनिकेतन गेस्ट हाउस में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी बांगरमऊ ग्रामीण मंडल द्वितीय के अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद ने की मुख्य अतिथि जिलाअध्यक्ष अवधेश कटियार ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी आज की कार्यशाला वोटर चेतना महाअभियान तथा मन की बात के कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई अधिक से अधिक वोट बढ़ाने को लेकर प्रति कार्यकर्ता को जागरूक किया गया कि अधिक से अधिक सभी कार्यकर्ता मिलकर वोट बढ़ाने का कार्य करेंगे आगामी रविवार को मन की बात का कार्यक्रम अपने बूथ स्थल पर सुनेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा इन कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत बताया गया इस मौके पर पुत्तीलाल,बालाराव गुप्ता रजनीश बाजपेई, मंडल कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाढ़ के पानी ने ली एक और मासूम की जान

**परिजनो में मची चीख पुकार**

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लालखेड़ा गांव में बाढ़ के पानी में पैर फिसल जाने से शुक्रवार शाम दो वर्षीय मासूम की डूबकर मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालखेड़ा गांव के रहने वाले जीवन यादव का दो वर्षीय इकलौता बेटा अजय शुक्रवार शाम घर के दरवाजे घुटनों के बल खेल रहा था। गंगा में चल रही बाढ़ का पानी घर से सटकर बह रहा है।दरवाजे बच्चों को खेलता छोड़कर मां आरती घर में काम करने चली गई।दरवाजे पहुंचे मृतक अजय के चाचा ने देखा तो बच्चा पानी में पड़ा था।चाचा की आवाज सुनकर आरती व अन्य लोगों एकत्रित हो गए और बच्चे को पानी से बाहर निकाला परिजन मासूमको लेकर प्राइवेट डॉक्टर के पास गए मगर मासूम की मौत चुकी थी।थाना बारासगवर प्रभारी बृजलाल सैनी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।इकलौते बेटे अजय की मौत से पिता जीवन यादव व मां आरती रो रो कर बेहाल है।

चिंतन

# मणिपुर में शांति के लिए सुझावों पर गौर करे केंद्र

मणिपुर में शांति की प्रक्रिया को तेज करने की जरूरत है। फिलहाल शांति प्रतीत हो रही है, लेकिन तनाव के बीज विद्यमान हैं। वहां अभी हालात नहीं सुधरे हैं। अतीत में उग्रवाद प्रभावित पूर्वोत्तर राज्यों में जरा सी भूल भारी पड़ सकती है। चीन व पाकिस्तान जैसी विरोधी शक्तियां पूर्वोत्तर में किसी भी चिंगारी को हवा देकर आग बनाने की ताक में रहती हैं। ऐसे में हमें सतर्क रहना चाहिए। भारत सरकार ने काफी मेहनत करके पूर्वोत्तर राज्यों में शांति के बीज अंकुरित किए हैं, ऐसे में मणिपुर में जातीय हिंसा इस अंकुरन की राह में बाधा बन सकती है। केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट की गठित समिति के सुझावों को गंभीरता से लेनी चाहिए और मणिपुर में स्थाई शांति का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। अभी सुरक्षा बलों की मौजूदगी से मणिपुर शांत लग रहा है, लेकिन अतिरिक्त सुरक्षा बलों के हटने के बाद भी शांति कैसे बनी रहेगी, इस मैकेनिज्म पर अमल आवश्यक है। चूंकि मणिपुर बीते तीन महीनों में कई बार हिंसा की आग में जल चुका है। इसमें अनेक घर तबाह हुए हैं, 50 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं और करीब 160 से अधिक लोगों की जान गई है। वहां दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की घटना हुई, जिससे समूचा देश शर्मसार हुआ। मणिपुर हिंसा और महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई थी। गत 7 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ितों को राहत और पुनर्वास और उन्हें मुआवजे की निगरानी के लिए हाईकोर्ट की 3 पूर्व महिला जजों की एक कमेटी गठित करने का आदेश दिया, इसके अलावा महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस प्रमुख दत्तात्रेय पडसलगीकर को आपराधिक मामलों की जांच की निगरानी करने के लिए कहा था। कोर्ट ने कहा था कि कमेटी सीधे रिपोर्ट पेश करेगी। बेंच ने कहा था कि कमेटी की अध्यक्षता जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट की सेवानिवृत्त चीफ जस्टिस गीता मित्तल करेंगी, जबकि कमेटी में बॉम्बे हाईकोर्ट की रिटायर जस्टिस शालिनी पी जोशी और दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व जज आशा मेनन शामिल होंगी। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) गीता मित्तल की अगुवाई वाली कमेटी ने दस्तावेजों के नुकसान और राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण नीति की तर्ज पर मणिपुर मुआवजा योजना को अपग्रेड करने की जरूरत जैसे मुद्दों पर तीन रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को दी हैं। इनमें कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। कहा गया है कि मणिपुर हिंसा के पीड़ितों के आवश्यक दस्तावेजों को फिर से जारी करने की जरूरत है। कमेटी ने हिंसा की वजह से जल गई बस्तियों को बड़ी समस्या बताया है। इन इलाकों की पहचान के लिए क्षतिग्रस्त और झुलसे हुए गांवों की जीपीएस मैपिंग से सहायता का सुझाव दिया गया है। मुआवजा बढ़ाने का सुझाव भी दिया है। कि शिविरों में रह रहे विस्थापित छात्रों को अन्य राज्यों के संस्थानों में भी इसी तरह समायोजित किया जा सकता है। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से समुचित सहायता मिलनी जरूरी है। कमेटी ने सुझाया है कि पुनर्वास के उपायों से यह सुनिश्चित होना चाहिए कि विस्थापित व्यक्तियों का पुनर्वास उन्हीं मूल स्थानों पर किया जाए जहां से वे विस्थापित हुए थे समिति के सुझावों को सुविधाजनक बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को आदेश पारित करेगा। सीबीआई मणिपुर हिंसा मामलों की जांच कर रही है। अभी जरूरत शांति बहाली की है, इसके लिए सभी संबंधित एजेंसियों की सलाह से उपायों पर अमल किया जाना चाहिए। पीड़ितों को राहत के साथ समुदायों के बीच विश्वास बहाली जरूरी है। सरकार को इस तरफ खास ध्यान देना चाहिए। दस याचिकाओं की सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत के आदेश पर नजर रहेगी।

## सारा संसार



भगवान विष्णु को समर्पित और 108 दिव्य देसमों में से एक, उलगलांथर पेरुमल मंदिर, तमिलनाडु के कांचीपुरम शहर में कामाक्षी अम्मन मंदिर के बहुत पास स्थित है। मंदिर महान ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखता है और दुनिया भर के अनुयायी इस मंदिर के दर्शन करने के लिए आते हैं।

# छत्तीसगढ़ क्यों बना है मॉडल?



जन्मदिन विशेष
रुचिर गर्ग

पांच बरस पहले जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने काम की शुरुआत ही की थी उनकी दृष्टि में छत्तीसगढ़ की जरूरतें साफ थीं। सरकार बनने के बाद जब जिस दिन पहले हरेली के त्योहार पर भूपेश बघेल गेड़ी पर चढ़ते हैं और थोड़ी ही देर में पूरे छत्तीसगढ़ में गेड़ी और भौंरे का संगीत सुनाई देने लगता है उस दिन प्रेक्षकों को यह नजर आ रहा था कि छत्तीसगढ़ नई करवट ले रहा है। स्थानीय त्योहारों पर छुट्टियां और उन अवसरों पर राज्य के गांवों, गलियों, मोहल्लों में उत्साह इस रंग को गहरा करता गया।

उसी समय से यह भी साफ होता चला था कि छत्तीसगढ़ को लेकर भूपेश जी की समझ में सिर्फ मैदानी अनुभव नहीं हैं, सिर्फ मिट्टी की खुशबू नहीं है, सिर्फ संस्कृति के रंग नहीं बल्कि इस मिट्टी को हर तरह से उपजाऊ बनाने की एक साफ मानवीय दृष्टि है। बिना किसी भ्रम के।

भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ में विकास की जिस कल्पना को अमल में लाने की तैयारी कर रहे थे उसमें वो छत्तीसगढ़ था जिसे गरीब और अत्यंत पिछड़ा ही कहा गया था। लड़ाई लंबी थी क्योंकि बुनियाद हिली हुई मिली थी। बहुत पुराने अतीत में न भी जाएं तो भाजपा शासित छत्तीसगढ़ के पंद्रह बरस ही एक ऐसे विकास के गवाह थे जहां स्काईवॉक जैसे निर्माणों की चमक थी लेकिन बुनियादी परिवर्तन नहीं।

उस दौर के शासन में जिस तत्व का अभाव था वह तत्व था जनता की वास्तविक जरूरतों का आंकलन और छत्तीसगढ़यित का, वह तत्व था छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान का, वह इस भूभाग की उस पुकार को अनसुना करना था जिसमें सिर्फ एक अलग राज्य की मांग नहीं थी बल्कि एक ऐसे राज्य की कामना थी जहां पहचान पर कोई संकट ना हो, जहां पहचान एक भरोसे और स्वाभिमान के साथ हो।

भूपेश बघेल के लिए इस परिवर्तन की जरूरत सिर्फ राजनीतिक और आर्थिक नहीं बल्कि एक सामाजिक लक्ष्य था। यह लक्ष्य इस मिट्टी की अस्मिता के एहसास का था। दरअसल यह कहानी अपनी पहचान से शुरू होती है और एक तरफ केंद्र की भाजपा सरकार थी जो अपना दूसरा कार्यकाल पूरा होते-होते साफ विभाजनकारी एजेंडा के साथ सामने है, दूसरी तरफ भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार है जिसने विभाजन की तमाम रेखाओं से परे उन मुद्दों को स्पर्श किया जो इस राज्य को, इस मिट्टी को ताकत देने वाले थे। पिछले पांच बरस इस बात के गवाह हैं कि छत्तीसगढ़यित जिस विविधता के साथ बलरामपुर से सुकमा और राजनांदगांव से लेकर महासमुंद तक अस्तित्व में है उस विविधता को कभी नजरंदाज नहीं किया गया बल्कि उसे संबोधित किया गया क्योंकि लक्ष्य साफ था।



यह गवर्नेंस का एक ऐसा प्रयोग है जो आज देश के सामने एक मॉडल बना है। इसे कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने न्याय कहा और भूपेश बघेल ने न्याय के साथ स्वाभिमान जोड़ा और आज यह शासन का एक मॉडल है। राजनीतिक, आर्थिक मोर्चे पर इसकी शुरुआत बस्तर के लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की जमीन वापसी और छत्तीसगढ़ के किसानों की कर्ज माफी से होती है। फिर देश में सबसे अधिक समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का फैसला होता है।

जब केंद्र की मोदी सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों को बोनस की राह में रोड़ा अटकाती है तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजीव गांधी न्याय योजना लेकर आते हैं। गौठान और गोबर खरीदी इसी दिशा में अगला कदम होता है।लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य से लेकर खरीदी जाने वाली वनोपजों की संख्या सात से सीधे सड़सठ करना, बिजली के बिल में बड़ी रियायत देना, डीएमएफ के लिए एक ऐसी नीति बनाना जिसमें स्विमिंग पूल जैसे निर्माणों की गुंजाइश खत्म करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य पर खर्च को केंद्र में रखा गया।

सिर्फ किसानों, पशुपालकों की जेब में सीधे पैसा डालने के बजाए उन लोगों को भी पैसा दिया गया जो इन क्षेत्रों में परोक्ष रूप से जुड़े थे। भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए न्याय योजना लागू करना, कोदो-कुटकी-रागी जैसे मिलेट उगाने वाले किसान से उनकी उपज समर्थन मूल्य पर खरीदना, दलहन तिलहन की खरीदी से लेकर गन्ना, चना, सोयाबीन के समर्थन मूल्य का दाम बढ़ाना जैसे निर्णय भी लिए गए। इतना ही नहीं, तेंदूपत्ता तोड़ने वाले आदिवासियों को पारिश्रमिक दिलाना, जिनके पास जमीनें नहीं थीं उन्हें वनाधिकार पट्टे जारी कर उनकी खेती के संसाधन तैयार करना, सबसे भूमिहीन आदिवासियों और विशेष पिछड़ी जनजातियों को शासकीय भूमि या वनाधिकार पट्टे की जमीन देकर उन्हें सामूहिक खेती से जोड़ने जैसे काम किये गए जिससे कम आमदनी वाले वर्ग भी गरीबी रेखा से ऊपर उठ सकें।

इन तमाम योजनाओं के आंकड़े अलग हैं लेकिन इनका असर अब नीति आयोग की रिपोर्ट में नजर आता है।पिछले पांच वर्षों में इस राज्य के चालीस लाख लोग अगर गरीबी रेखा से बाहर आते हैं तो यह इस बात का प्रमाण है कि पैसा सीधे गरीब की जेब में पहुंचा और उत्पादकता में गरीब की हिस्सेदारी बढ़ी।

कोरोना के समय ही छत्तीसगढ़ सरकार के विकास की दिशा की ताकत तब नजर आने लगी थी जब हजारों किलोमीटर पैदल चलकर अपने राज्य, अपने गांव लौटे श्रमिकों के पास काम था, जब देश की हालत से अलग छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था डगमगाई नहीं थी,जब छत्तीसगढ़ में बाजार का उत्साह बना हुआ था। सबसे महत्वपूर्ण था बेरोजगारी का मोर्चा। जब देश में बेरोजगारी चार दशकों में सबसे निचले स्तर पर थी तब छत्तीसगढ़ देश के सबसे कम बेरोजगारों वाले राज्यों में ऊपर था। स्वतंत्रत एजेंसियों के आंकड़े इन कहानियों से भरे पड़े हैं,लेकिन यहां बात आंकड़ों से परे एक राजनीतिक, सामाजिक दिशा की है।


दरअसल ये योजनाएं गिनने-गिनाने का मामला नहीं है। ये एक स्पष्ट राजनीति थी जिसके केंद्र में छत्तीसगढ़ की अस्मिता थी। छत्तीसगढ़ की आकांक्षाएं थीं और इन आकांक्षाओं में केवल सांस्कृतिक उद्धार शामिल नहीं था बल्कि आर्थिक मुद्दे भी उतने ही महत्वपूर्ण थे। इन आकांक्षाओं में राज्य की गरीबी और बेरोजगारी को संबोधित करने की चाह थी। इन आकांक्षाओं में छत्तीसगढ़यित थी। इन आकांक्षाओं में सत्ताधीशों की प्लेट से काजू किशमिश को बाहर कर ठेठरी खुरमी को प्रतिष्ठित करने की कामना थी।

भूपेश बघेल एक तरफ मानवीय आर्थिक जरूरतों को महसूस करते थे दूसरी तरफ उनमें छत्तीसगढ़यित के प्रतीकों को प्रतिष्ठित करने की ललक थी। ये ऐसे प्रतीक थे जो अब छत्तीसगढ़ की उस कथित मुख्यधारा में महत्व पाने लगे हैं जिनमें राजनीति है, नौकरशाही है, मीडिया है। छत्तीसगढ़ का अपना राजकीय गान अब क्षेत्रीय अस्मिता का महत्वपूर्ण प्रतीक है। जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायपुर की आमसभा में छत्तीसगढी में छत्तीसगढ़ महतारी को नमन करते हैं तब यह समझ आता है कि उन्हें भी यह समझ आ गया है कि छत्तीसगढ़ में जनाकांक्षाएं उसकी अपनी अस्मिता के कितना इर्दगिर्द हैं और पिछले पांच वर्षों में यह कैसे हुआ !

सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक मोर्चों के साथ-साथ आर्थिक मोर्चे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिस रणनीति को अपनाया उसका लक्ष्य था गरीबों की जेब में सीधे पैसा पहुंचाना। दुनिया भर के अर्थशास्त्री संकट के समय इसी रणनीति के पक्षधर थे। इसी रणनीति ने राज्य के गरीबों को बड़ी ताकत दी। उनके जीवन स्तर में बदलाव का कारण यह रणनीति बनी। यहां रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व गवर्नर से लेकर नोबेल पुरुस्कार प्राप्त अर्थशास्त्रियों को उद्धृत किया जा सकता है। ऐसे तमाम लोगों की अकादमिक सिफारिशों को छत्तीसगढ़ व्यवहार में उतरता देख रहा था, एक मुख्यमंत्री के जमीनी अनुभव के साथ इस मिट्टी और इसकी अस्मिता की साफ समझ से। मिट्टी का अभिमान और जीवन स्तर में बदलाव की आर्थिक नीतियों से मिलकर बना यह एक मॉडल है।

इस मॉडल में उन्माद नहीं है, नफरत नहीं है, विभाजन नहीं है, इसमें अपनत्व की खुशबू है, संगीत है, स्वाद है, बेहतरी की आकांक्षा है। छत्तीसगढ़ में अब और आने वाले समय में भी शासन की इबारत यही होगी इतना तो तय हो गया है। हालांकि यह आसान नहीं है क्योंकि यह बहुत सारी प्रतिबद्धताओं और संवेदनाओं के साथ ही संभव है। चुनौती यह हमेशा होगी कि इस मॉडल ने जिंदगियां बदलने के जो पैमाने गढ़े हैं वो और बेहतर हों, जनता को अधिकार संपन्न बनाने वाले हों, एकता और सद्भाव की छत्तीसगढ़ी विरासत को उसी संपन्नता के साथ आगे ले जाने वाले हों और सबसे महत्वपूर्ण लोकतंत्र पर मंडरा रहे तमाम खतरों के बीच अधिक से अधिक लोकतांत्रिक हों। भूपेश जी छत्तीसगढ़ की इस नब्ज़ को पहचानते हैं।

## शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया : *गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।* राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

## ज्यादा महत्वपूर्ण है काम करते रहना



संकलित
प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?'केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

तुलसीदास जयंती
डॉ सूर्यकांत मिश्र



# रामबोला से तुलसीदास तक का लंबा सफर

तकलीफों और कठिनाइयों से भी कोई महान बन सकता है, इसका सबसे बड़ा प्रमाण गोस्वामी तुलसीदास के जीवन चरित्र से प्राप्त होता है। तुलसीदास ने अपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे। उनके जीवन के संघर्ष ने ही उन्हें भगवान राम का भक्त बना दिया और आगे संत तुलसीदास बना दिया। बचपन में रामबोला के नाम से पहचाने जाने वाले तुलसीदास का संत बनना हिंदू और सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए वरदान बन गया। इस वर्ष अधिक मास होने से द्वितीय श्रावण शुक्ल सप्तमी 23 अगस्त को उनकी जयंती मनाई जाएगी। तुलसीदास का जीवन भी एक साधारण मनुष्य की भांति ही चल रहा था। माताजी के जल्दी स्वर्ग सिधार जाने से वह अकेले हो गए। जब उनका विवाह हुआ तो वे पत्नी के प्रेम में डूब गए। उन्हें इस बात का एहसास भी नहीं हो पाया कि उनका पत्नी प्रेम कब आसक्ति बन गया! पत्नी के मायके चले जाने पर वे दुखी रहने लगे। पत्नी के बिना मन ना लगने से वे रात में बिना कुछ विचार किए उफनती यमुना नदी को पार करने एक सहारे पर बैठ गए। जब वे किनारे पहुंचे तब उन्हें ज्ञात हुआ कि वे जिस सहारे की बदौलत पार उतरे हैं वह एक शव है! नदी पार उतर कर जब वे अपनी ससुराल पहुंचे तब लाख प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुल पाया। पत्नी प्रेम के वशीभूत उन्होंने कक्ष में प्रवेश करने के लिए दीवार को लांघने का प्रयास शुरू किया। ऊंची दीवार को लांघने में वे कामयाब नहीं हो पा रहे थे। अचानक उन्हें दीवार पर एक रस्सी लटकी दिखी,जो खिड़की पर टंगी दिख रही थी। उन्होंने झट से उस रस्सी को पकड़ा और दीवार पार कर गए। पता चला कि जिसे वे रस्सी समझ रहे थे वह वास्तव में एक बड़ा सांप था! वे जैसे ही अपनी पत्नी के कक्ष में पहुंचे, उनकी पत्नी लोक-लाज के भय से कांप उठी। उन्होंने उस वक्त के राम बोल पर अपनी पीड़ा उड़ेल दी और लोक लाज वश उन्हें तिरस्कृत करते हुए कहा- 'लाज न आई आपको, दौरे आएहु नाथ,अस्ति चर्म मय देह यह, ता सो ऐसी प्रीत, नेकु जो होती राम से, तो काहे भवभीत।।' अर्थात मेरी हाड़-मांस कि देह से प्रेम के बजाय अगर राम से इतना प्रेम किया होता तो जीवन सुधर जाता! पत्नी द्वारा क्रोध में कही गई यही बातें थी, जिनके चलते रामबोला, तुलसीदास बनने के मार्ग में प्रशस्त हो चले। राम के नाम का अनवरत उच्चारण करने वाले तूलसीदास ने रामचरितमानस की रचना कर डाली।

जन्मदिन विशेष
सुशील आनंद शुक्ला



# अपनी धुन के पक्के राजनेता है भूपेश बघेल

23 अगस्त को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपना जन्मदिन मना रहे है इस वर्ष का उनका जन्मदिन इस लिहाज से भी खास हो जाता है कि अपने इस जन्मदिन के साथ ही वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल का 5 वर्ष भी पूरा करने वाले है। यह समय इस आंकलन के लिये भी सुअवसर है कि उनकी सरकार इन पांच वर्षों में जन आकांक्षाओ पर कितना खरा उतर पाई है। 5सालो मे 40 लाख लोगो को ग़रीबी रेखा से निकालने की उपलब्धि सरकार और उसके मुखिया की सफलताओं को बताने के लिए पर्याप्त है। मुख्यमंत्री के रूप में 5 वर्ष के कार्यकाल में भूपेश बघेल ने जो लोकप्रियता और राष्ट्रीय ख्याति हासिल की है ऐसा दूसरा उदाहरण विरला ही मिलेगा। भूपेश बघेल के व्यक्तित्व का ठोस पहलू उनकी जुझारू प्रविति है जो लक्ष्य निर्धारित कर लिया फिर उससे पीछे हटने की उनकी तासीर नही है। उनकी सहजता और परिस्थितयो से निपटने का सकारात्मक नजरिया ही उनकी सफलता के सबसे बड़े कारण हैं।

2014 में जब उन्हें प्रदेश कांग्रेस की बागडोर सौपी गयी तब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस तीन विधानसभा चुनाव हार चुकी थी। तीनो ही विधान सभा चुनाव कांग्रेस बहुत नजदीकी मुकाबले में लक्ष्य से चूकी थी ।2013 के विधान सभा चुनाव की हार पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए अप्रत्याशित थी। मई 2013 में जीरम नक्सल हमले में शीर्ष नेताओं की शहादत के 6 माह बाद हुए विधानसभा चुनावो की इस हार ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ निराश और हताश कर दिया था ।प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भूपेश बघेल को विरासत में इन्ही हताश निराश कार्यकर्ताओ की फौज मिली थी। अध्यक्ष बनने के बाद निराश कार्यकर्ताओ की फौज की ताकत को एक नई ऊर्जा में बदल कर लक्ष्य की ओर अग्रसर करना उनके सामने बड़ी चुनौती थी।

जुझारू प्रवृत्ति का नेता होने के कारण उन्हें यह भी भली भांति मालूम था कि कार्यकर्ताओ की ऊर्जा बनाये रखने के लिए यह आवश्यक है कि उनके साथ रोज नए मुद्दे ले कर मैदान में डटा रहा जाए। उनका कहना था भले ही हम चुनाव हार गए है लेकिन प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पर उतना ही भरोसा जताया है जितना की सत्तारूढ़ भाजपा पर अतः जनहित की लड़ाई में जरा भी कोताही नही बरतना है, यही कारण था कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सम्भालने के दस दिन के अंदर ही उन्होंने राशन कार्ड घोटाले के मुद्दे को ले कर पूरी कांग्रेस पार्टी को प्रदेश भर के थानों में ला



पार्टी से बाहर निकालने का जो निर्णय लिया वह राजनैतिक प्रेक्षकों के लिए आश्चर्य जनक था इस निर्णय के साथ राजनैतिक विश्लेषक भी दो मतों में बंट गए कुछ का कहना था जोगी को कांग्रेस से निकाल कर कांग्रेस ने अपने पैर में कुल्हाड़ी मार लिया दूसरा मत था जो मानता था कांग्रेस ने सत्ता प्राप्ति का अपना मार्ग प्रशस्त कर लिया।भूपेश बघेल का कहना था हमने तीन चुनाव उनके साथ लड़ा एक उनके बिना भी लड़ कर देख लेते है। ऐसा साहस भूपेश जैसे जिगर वाला नेता ही दिखा सकता था। दिसम्बर 2018 में मुख्यमंत्री बनने के तीन घण्टे के अंदर किसानों का कर्ज माफ करने और 2500 रु. में धान खरीदी का निर्णय ले कर भपेश बघेल ने साफ संकेत दे दिया था कि उनकी सरकार की प्राथमिकता में खेती ,गांव गरीब और किसान रहने वाले है।

कुशल प्रशासक के नाते उन्होंने राज्य के चहुमुखी विकास की ओर ध्यान दिया ।सरकार की योजनाओं के केन्द्र में भले ही किसान और गांव हो लेकिन राज्य की औद्योगिक और व्यापारिक प्रगति में किसी भी प्रकार की बाधाएं नही आये इसके लिये उन्होने पूरे इंतजाम किए ।उद्योगों की जमीन फ्री होल्ड करने के साथ उद्योगों को बिजली पानी की उपलब्धता के साथ फूड और खाद्य पदार्थ आधारित उद्योगों के लिए विशेष योजनाएं बनवाया । 5 डिसमिल तक जमीनों की बन्द रजिस्ट्री को शुरू करना , भूमि की कलेक्टर गाइड लाइन में कमी ,जमीनों के डायवर्सन के नियमो में ढिलाई देने के लिए भूपेश बघेल जैसी ही समग्र दृष्टि चाहिए। पौने 5 साल की सरकार में अपने घोषणा पत्र के 36 में 95 प्रतिशत

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की समग्र ग्राम्य विकास की सोच को प्रदर्शित करता है।

वे कहते है पिछली सरकार के विकास के मायने बड़ी बड़ी अट्टालिकाएं बनाना था हमारे विकास के केंद्र में आम आदमी का शशक्ति करण है ।बड़े बड़े भवन बना कर आप विकास का दिखावा तो कर सकते है लेकिन जब तक हम आम आदमी को शसक्तीकरण नही करेंगे उनके रोजगार की दिशा में ध्यान नही देगे सही मायने में हम विकास से दूर रहेंगे यही कारण है छत्तीसगढ़ सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय 2500 से बढ़ा कर 4000 रु कर दिया। 65 लघुवनोपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य में खरीदने की शुरुआत की गई ।केंद्र सरकार के लाख अवरोध के बाद के धान उत्पादक किसानों को 2500 रु मूल्य मिले इसके लिए योजना बनाया गया।राज्य बहुफसली कृषि की ओर बढ़े इस हेतू राजीव गांधी न्याय योजना में मक्का ,गन्ना ,दलहन उत्पादक किसानों के साथ सीमांत और भूमि हीन किसानों की सशकक्तीकरण पर जोर दिया गया। गो धन न्याय योजना में गोबर खरीदने की जो अभिनव योजना उन्होंने शुरू की तब वैचारिक रूप से कांग्रेस के चिर विरोधी रास्ट्रीय स्वयम सेवक संघ के पदाधिकारी भी इसकी तारीफ करने से खुद को रोक नही पाए मुख्यमंत्री निवास उनका अभिनन्दन करने पहुच गए। धमतरी के कंडेल से गांधी जी की याद में पद यात्रा निकाल कर उन्होंने स्पष्ट सन्देश दिया कि उनकी सरकार गांधी जी के आदर्शों पर चलने वाली है ।नरवा गरवा घुरवा बाड़ी उन्होंने अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था तब भी विपक्षी उनके इस योजना के निहितार्थ को नही समझ पाए थे ।जब उन्होंने गो धन न्याय योजना शुरू की तब आरएसएस जैसा घोर कांग्रेस विरोधी संगठन भी यह समझ गया कि भूपेश बघेल ने महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज को साकार करने को जो बीड़ा उठाया है इसकी सफलता में सन्देह की कोई गुंजाइश नही ।

श्री राम वन गमन मार्ग संरक्षण से ले कर कौशल्या माता मंदिर के सौंदर्यीकरण ,के साथ छत्तीसगढ़ी तीज त्योहारों को मुख्यमंत्री निवास में मनाने की परंपरा शुरू कर भूपेश बघेल ने साबित कर दिया कि उनका अपनी संस्कृति और माटी से कितना नजदीकी जुड़ाव है तथा एक राजनेता के नाते वे जन समुदाय की नब्ज टटोलना वे बेहतर जानते है।

## ट्रेंड

### वैकल्पिक उर्वरक को बढ़ावा



कृषि मंत्रियों के साथ राज्यों में नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के उपयोग को बढ़ाने के पीएम मोदी द्वारा मिट्टी की सुरक्षा व वैकल्पिक उर्वरक के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु शुरू की गई पीएम प्रनाम योजना के संदर्भ में उठाए जा रहे कदमों की भी समीक्षा की।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### दिव्यांग महिलाओं की रक्षा



दिव्यांग महिलाओं और लड़कियों को हिंसा का अधिक खतरा होता है- विशेषकर संघर्षों और संकटों के दौरान। हम दिव्यांग महिलाओं और लड़कियों को हिंसा से मुक्त रहने का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए काम करना कभी बंद नहीं करेंगे।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### काम नहीं रुकने देंगे



इन लोगों ने दिल्ली वालों के काम रोकने की कोशिश की, लेकिन मैं हर दिल्लीवासी को ये भरोसा दिलाता हूं कि कोई काम रुकने नहीं दूंगा। 5 नए मोहल्ला क्लीनिक की शुरुआत की। लोगों को मोहल्ला क्लीनिक से बहुत फ़ायदा मिलता है।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### क्या छुपाने की कोशिश




मैं पीड़िता बच्ची या उसके परिवार से मिलने के लिए अस्पताल के बाहर बैठी हूँ। रात को अस्पताल के बाहर ही सोई। एनसीपीसीआर को लड़की की मां से मिलवा सकते हैं तो मुझे क्यों रोकने के लिए बोला गया है? क्या छुपाने की कोशिश है?

-स्वाति मालीवाल, अध्यक्ष डीसीडब्ल्यू

## संक्षेप

### तहसील प्रशासन ने खालिहान की भूमि से हटवाया अवैध अतिक्रमण



कैसरगंज, बहराइच। तहसील प्रशासन कैसरगंज द्वारा ग्राम पबना में खलिहान की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। ग्राम पबना गाटा संख्या 361 क्षेत्रफल 0.105 हेक्टर खलिहान की भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया था जो की तहसील प्रशासन कैसरगंज ने हटवा दिया। उप जिलाधिकारी कैसरगंज ने बताया कि कहीं भी इस तरीके के अगर कोई भी प्रकरण संज्ञान में आता है तो उसे तत्काल प्रभाव से हटवा दिया जाएगा।

### लखनऊ कोर्ट में 1 लाख के इनामिया ने किया सरेंडर

सुलतानपुर, एसटीएफ, पुलिस व इंटिलिजेन्स को धता बताकर एक लाख के इनामिया बदमाश इस्माईल उर्फ प्रिंस ने लखनऊ की एक निचली अदालत में सरेंडर कर दिया। पखवारे भर पूर्व अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में वो नामजद अभियुक्त है। मुख्य अभियुक्त एवं एक लाख के इनामिया सिराज उर्फ पप्पू का वो बैग ढोता था। बता दें कि कोतवाली नगर के घरहां निवासी इस्माईल उर्फ प्रिंस लखनऊ की एक अदालत में हाजिर हुआ। वो 2019 में लूट के एक पुराने मामले में जमानत पर था। यह जमानत निरस्त करवाकर उसने आत्मसमर्पण कर दिया। इस बाबत एसपी सोमेन वर्मा ने बताया कि इस्माइल उर्फ प्रिंस लूट के एक मामले में जमानत पर था। जमानत निरस्त करवाकर वह कोर्ट में हाजिर हो गया है। पुलिस सिराज अहमद को जल्द ही दबोच लेगी। आपको बता दें कि 6 अगस्त को कोतवाली देहात के भुलकी चौराहे पर अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अधिवक्ता के भाई मुनव्वर को गोली लगी थी जिसे लखनऊ रेफर किया गया है। 6 नामजद व विवेचना के दौरान प्रकाश में आए 2 लोगों को पुलिस ने जेल भेजा है। हिस्ट्रीशीटर सिराज व प्रिंस फरार थे जिन पर शासन से 1-1 लाख का इनाम घोषित हुआ।

### किसान ने जहर खाकर दी जान

राठ, हमीरपुर में गंभीर बीमारी से ग्रसित एक 36 वर्षीय किसान ने अपने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर जान दे दी। घटना की जानकारी लगते ही मृतक किसान के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, राठ क्षेत्र के मुस्करा थाना अंतर्गत पहाड़ी भिटारी गांव का निवासी 36 वर्षीय युवक प्रतिपाल पुत्र बैजनाथ जो कि बीते कई वर्षों से गम्भीर बीमारी से ग्रसित था। जिस वजह से वह आर्थिक तंगी का भी शिकार हो गया था।

# श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ सम्मान

## राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने आयोजित किया कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। शनिवार को मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ब्लॉक नवाबगंज मुख्यालय बाबागंज मे एक सम्मान समारोह अयोजित किया गया। जिसमें भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष शिवपूजन सिंह का माल्यार्पण कर भव्य सम्मान किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम मे उपस्थित क्षेत्र के दर्जनों पत्रकारों को डायरी पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में क्षेत्र के लगभग दो सौ लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह रहे। समारोह को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि मजदूरों और श्रमिकों एवम कामगारों की लड़ाई और उनका हक दिलाने का काम नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को करना होगा। प्रदेश मंत्री पवन कुमार वर्मा ने कहा कि हम सभी मजदूर व कामगारों की समस्या को हल करने का पूरा प्रयास करेंगे। अंत में सभी को धन्यवाद देते हुए जिलाध्यक्ष शिवपूजन सिंह ने कहा कि मुझे संगठन से जो दायित्व मिला है मैं बखूबी उसका निर्वहन कर गरीब, मजबूर, श्रमिक व कामगारों के हित की लड़ाई लड़ता रहूंगा। सम्मान समारोह का आयोजन राजेश्वरी ट्रस्ट के संस्थापक राज त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर दुर्गेश वर्मा, दस्तगीर शाह, स्वामी दयाल, छेदा खां, हासिम विकास सिंह, प्रधान दिलीप सिंह, नरेंद्र वर्मा सहित तमाम क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# युवा मंच के जिलाध्यक्ष बने उमाकांत जिला संगठन मंत्री बने सुशांत

- मजबूती के साथ बढ़ रही बहराइच में युवा मंच की टीम

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। जायसवाल युवा मित्र सेवा समिति द्वारा संचालित युवा मंच उत्तर प्रदेश संगठन लगातार युवाओं में अपनी पैठ बनाकर पूरे प्रदेश में युवाओं को जोड़कर नई शक्ति के रूप में उभर रहा है। युवा मंच उत्तर प्रदेश की एक बैठक प्रयागराज में स्थित कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अजितेश जायसवाल ने संगठन का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। जिसमें बहराइच जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी विधानसभा महसी के टिकुवापारा निवासी उमाकांत जायसवाल को सौंपी गई तथा जिला संगठन मंत्री विधानसभा सदर बहराइच के चाकूजोत निवासी सुशांत जायसवाल को बनाया गया। इसके साथ ही प्रदेश कार्य समिति में भी सदस्य बढ़ाए गए।

जिसमे बलहा विधानसभा के झाला निवासी रोहित जायसवाल तथा चंदनपुर निवासी अनिल जायसवाल को प्रदेश कार्य समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। साथ ही विधानसभा महसी के राजाबौड़ी निवासी सूरज जायसवाल को प्रदेश संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मिथिलेश जायसवाल व राहुल जायसवाल ने बताया कि बहराइच में युवा मंच की टीम मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है आने वाले समय में टीम युवाओं को जोड़कर राष्ट्रहित व समाजहित के लिए बेहतर कार्य करेगी। इस मौके जनपद बहराइच के युवा मंच के राष्ट्रीय सचिव प्रताप जायसवाल व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अजय जायसवाल, मनोज जायसवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी विनोद जायसवाल, राहुल जायसवाल ने खुशी जाहिर की और नवनियुक्त टीम को बधाई दी।

# 21 दिवसीय कौशल विकास माली प्रशिक्षण मे दी जा रही नर्सरी तैयार करने की जानकारी

- पोषक तत्व प्रबंधन कर पौध व सब्जी उत्पादन के बारे में दी जानकारी

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, बहराइच प्रथम के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. के. एम. सिंह के दिशा निर्देशन में कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत 21 दिवसीय प्रशिक्षण विषय ₹माली प्रशिक्षण₹ दिनांक 18 अगस्त से चल रहा है। डा. सिंह ने बताया की रोजगार सृजन के लिए माली प्रशिक्षण भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत प्रतिभागियों को फूल, फल व सब्जी की नर्सरी तैयार करने की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस प्रशिक्षण से प्रशिक्षणार्थी पौधे तैयार करेंगे जिसकी बिक्री कर स्वरोजगार प्राप्त करेंगे। उद्यान वैज्ञानिक डॉ. पी. के. सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण उपरांत नर्सरी में दक्ष होगें व कम समय मे अपना उद्यम स्थापित कर अपना व्यवसाय शुरू कर आय का श्रोत स्थापित कर अपना स्वविलम्बी जीवन जी सकेंगे। डा. नंदन सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को प्राकृतिक तरीके से पोषक तत्व प्रबंधन कर पौध व सब्जी उत्पादन के बारे में जानकारी दी। डॉ. अरुण राजभर ने क्यारी बनाने के तरीके सिखाए एवं क्यारी बनाते समय रखी जाने वाली सावधानी बारे में बताया।

सुनील कुमार ने प्रशिक्षुओं को उसमें बीज बोने का तरीका बताया। जिससे तकनीक आधारित काम करने से बेहतर परिणाम मिल सके। इस प्रशिक्षण में 20 प्रशिक्षणार्थी प्रतिभाग कर रहे है। जिसमे संजीव, महेश, बलवंत, सचिन, मनोज, गुड्डू, राहुल कुमार निधि, साधना, अशोक और जियाउल्हक है।

# आयुक्त ने यूनिसेफ के चीफ फील्ड आफीसर के साथ की बैठक

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र ने शुक्रवार को जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में नाइजीरिया से आये यूनिसेफ के चीफ फील्ड आफीसर डॉ जकारी एडम के साथ बैठक कर मण्डल में स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन, संस्थागत प्रसव, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, टीकाकरण और परीषदीय विद्यालयों के बच्चों की उपस्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता इत्यादि पर आयुक्त ने फीडबैक प्रदान किया। बैठक के दौरान डॉ एडम ने कहा कि यूपी में जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। बहराइच भ्रमण से मैं काफी प्रसन्न हूँ स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन व परीषदीय विद्यालयों के शिक्षा गुणवत्ता में आपेक्षित सुधार के लिए यूनीसेफ द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। इससे पूर्व डॉ एडम ने परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लेने के लिए चित्तौरा ब्लाक के डीहा व आंगनबाड़ी केन्द्र का भ्रमण किया। आंगनबाड़ी केन्द्र के भ्रमण के दौरान प्रारम्भिक बचपन, देखभाल का क्रियान्वयन, प्री स्कूल एक्टीविटीज, पावन सप्ताह के पहल कलेन्डर, आंगनबाड़ी के सेटप इत्यादि का जायजा लिया। इसके अलावा डॉ एडम ने अन्य परिषदीय विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त देवीपाटन मण्डल प्रदीप कुमार यादव, जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी, गोण्डा की श्रीमती नेहा शर्मा, श्रावस्ती की कृतिका शर्मा, बलरामपुर के अरविन्द सिंह, वन संरक्षक मनोज कुमार सोनकर, मुख्य विकास अधिकारीगण तथा विभिन्न विभागों के मण्डलीय अधिकारी मौजूद रहे।

# समाधान दिवस पर जिलाधिकारी के साथ पहुंचे पुलिस अधीक्षक, सुनी समस्याएं



**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर। जनपद के राधा नगर थाना प्रांगण में समाधान दिवस का आयोजन किया गया समाधान दिवस पर पहुंची जिलाधिकारी श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से बैठक कर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना अनेक समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों ने तत्काल समस्या के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया उच्च अधिकारी ने कहा की जमीनी विवादों की शिकायतों की एक सूची बनाई जाए तथा राजस्व विभाग तथा प्रशासन की टीम गठित करते हुए मौके पर पहुंचकर बिना किसी पक्षपात के मामलों का निस्तारण त्वरित किया जाए इस मौके पर उच्च अधिकारियों के साथ उप जिलाधिकारी प्रभाकर त्रिपाठी पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति यादव थाना अध्यक्ष राधा नगर राजस्व निरीक्षक लेखपाल समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य मौजूद रहे

# थाना समाधान दिवस में नदारद रहे लेखपाल, प्रभारी ने एसडीएम को भेजा पत्र



**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। थाना समाधान दिवस में कानूनगो अनिल पांडेय, कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर सियाराम राजपूत ने फरियादीओ की समस्या को सुना, जिसमे कुल चार प्रार्थना पत्र आए जिनमे राजस्व के तीन व पुलिस का एक, समाधान दिवस में लेखपाल वंदना यादव, रोली, उमाशंकर मनोज अवस्थी, राज नारायण, सहित 12 से अधिक लेखपाल घरौनी सत्यापन का बहाना बताकर समाधान से चले गए जिससे खाली कुर्सी पड़ी रही।

# रेलवे लाइन की खंती में मिला अज्ञात वृद्ध का शव



**अमन लेखनी समाचार**

शुक्लागंज, उन्नाव। द्वारिका मोहिनी कम्पाउंड के सामने रेलवे खंती के किनारे एक साठ वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा मिला। जिस पास आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर आस पास के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शिनाख्त न होने पर शव को पीएम के लिये भेजा गया है। वहीं पश्चिमी चौकी पुलिस ने बताया कि शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक भिखारी लग रहा है।

# हमीरपुर में किसान की हुई हत्या

**पहले डंडे से की गई पिटाई, फिर ट्रैक्टर चढ़ा मार डाला गया, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

**अमन लेखनी समाचार**



हमीरपुर, हमीरपुर जिले के कुरारा थाना क्षेत्र में आज एक किसान को सुनसान सड़क पर लाठी डंडों से पीटा गया और फिर उसकी ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या कर दी गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी ट्रैक्टर ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। ट्रैक्टर चढ़ा कर हत्या किये जाने का यह मामला कुरारा थाना क्षेत्र में कुसमरा रोड का है, यहां आज दोपहर पुरानी रंजिश को लेकर एक किसान को लाठी-डंडों से पीटा गया और फिर ट्रैक्टर चढ़ा कर उसकी हत्या कर दी गई। आसपास मौजूद लोगों ने बताया की ट्रैक्टर सवार चार पांच लोग थे, जिन्होंने डिमुहा गांव के रहने वाले साइकिल सवार 75 वर्षीय किसान मान सिंह यादव को रोका और उसकी डंडे से पिटाई की इसके बाद ट्रैक्टर चढ़ा कर उसकी हत्या की और शव को सड़क के किनारे फेंक कर फरार हो निकले। मृतक की नातिन खुशबू ने बताया की बाबा आटा पिसवाने जा रहे थे, तभी आरोपी लाल करिया और उसके बेटों ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद उनकी हत्या कर दी गई। खुशबू ने बताया आरोपियों के खिलाफ खेत को लेकर मुकदमा चल रहा था, जिसपर कई बार धमकी भी दी जा चुकी है। आज इसी रंजिश में आरोपियों ने पहले बाबा को डंडे से पीटा और फिर ट्रैक्टर चढ़ा कर उनकी हत्या कर दी।

कुरारा थाना क्षेत्र के कुसमरा रोड ट्रेक्टर चढ़ा कर हत्या किये जाने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे के आला अधिकारी मैं फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वैड टीम के साथ मौके पर मौके पर पहुंचे हुए थे

# चलती ट्रेन में हार्ट अटैक से रेलकर्मी की मौत

**दिल्ली से मालदा जा रही थी फरक्का एक्सप्रेस, एसी कोच में अटेंडेट था**

**अमन लेखनी समाचार**

अयोध्या, अयोध्या के रुदौली रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान ट्रेन में हार्ट अटैक से रेल कर्मचारी की मौत हो गई। दिल्ली से मालदा जा रही 3484 डाउन फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन में ड्यूटी कर रहे एक रेलकर्मी को हार्ट अटैक पड़ा। रेलकर्मी को रूदौली रेलवे स्टेशन पर उतारकर आरपीएफ के जवान द्वारा सीएचसी खैरनपुर रूदौली ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बुधवार की सुबह साढ़े दस बजे के आसपास की है जब रूदौली रेलवे स्टेशन पर कंट्रोलर द्वारा यह सूचना दी गई कि दिल्ली से मालदा जा रही 3484 डाउन फरक्का एक्सप्रेस के एसी कोच इ5 में कार्यरत कोच अटेंडेंट मोहम्मद अली पुत्र मियां जान उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी मझट टोला साहबगंज थाना जिरवा बाड़ी जिला साहबगंज झारखंड के सीने में तेज दर्द हो रहा है अतः उसकी चिकित्सा का प्रबंध किया जाय। सूचना मिलते ही स्टेशन अधीक्षक द्वारा डायल 108 पर फोन कर ट्रेन आने से पहले ही एम्बुलेंस बुला ली गई लेकिन ट्रेन के रुदौली रेलवे स्टेशन पहुँचने पर मोहम्मद अली ट्रेन में अचेतावस्था में मिला। आनन फानन में उसे एम्बुलेंस से आरपीएफ के जवान गजानंद यादव द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरनपुर रूदौली ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अयोध्या में रामकृष्ण सेवा फाउन्डेशन ने किया युवा संवाद

- युवाओं को संवैधानिक अधिकारों-कर्तव्यों की जानकारी आवश्यक : श्वेताराज सिंह

**अमन लेखनी समाचार**




अयोध्या, राम कृष्ण सेवा फाउन्डेशन ने अयोध्या में युवा संवाद का आयोजन किया। विजन 2047 को लेकर युवा संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत भारत के पंच प्रण (एक युवा परिचर्चा) कार्यक्रम का आयोजन राम कृष्ण सेवा फाउन्डेशन व नेहरू युवा केंद्र अयोध्या इकाई के संयुक्त तत्वावधान में मऊ यदुवंश पुर स्थित ग्रोवल इंटर कालेज के परिसर में हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद अमर नाथ तिवारी व विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता श्वेता राज सिंह उपस्थित रहे। अध्यक्षता स्काउट गाइड ट्रेनर अनूप मल्होत्रा व संचालन आशु कवि दुर्गेश पांडेय दुर्लभ ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि देश को विकसित बनाने की ज़िम्मेदारी आज के युवाओं पर है और युवा दृढ़ संकल्प के साथ अपने अपने लक्ष्य को निर्धारित करते सफलता के सर्वोच्च शिखर पर खुद को स्थापित कर देश विकास में अपना योगदान सुनिश्चित करें। विशिष्ट अतिथि श्वेता राज सिंह ने कहा कि प्रत्येक युवा को अपने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है। अन्नपूर्णा रसोई के प्रबंधक राजेश चौबे जी ने कहा कि युवा अपने भविष्य के लिए आज से ही चिंतनशील रहे। संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने उपस्थित युवाओं को भारत के पंच प्रण का संकल्प दिलाया।

# संक्षेप

## थाना दिवस पर नए सात मामलों में से शून्य का निस्तारण

पूर्व के मामलों में से 5 का हुआ निस्तारण



गोरखपुर।सहजनवां थाने में आज थाना दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मौके पर कुल सात मामले सामने आए,सभी मामले राजस्व से सम्बंधित थे कुल मामलों में से आज एक भी मामले का निस्तारण नही किया जा सका बताते चले की आज पूर्व में आये मामलों में से 5 का निस्तारण किया गया थाना दिवस की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार राकेश कुमार कन्नौजिया ने कहा कि-लोगों की समस्या निस्तारण कराना हमारी प्राथमिकता है।समस्या ग्रसित समाज विकास नहीं कर सकता है। उक्त अवसर पर थानाध्यक्ष सहजनवा महेंद्र मिश्रा एस आई जितेन्द्र निर्मल,लाल चंद,चंदन नारायण, अवधेश पाण्डेय, सीनियर कांस्टेबल अवधेश कुमार महिला कान्सटेबल पूजा यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## बागपत में बीट-आरक्षियों की निगरानी के लिए समिति का गठन

जिले भर में लगाया गया बार-कोड, बीट आरक्षी के स्कैन करने पर पता चलेगी लोकेशन

बागपत, बागपत में एसपी ने बीट आरक्षियों पर नजर बनाए रखने के लिए निगरानी समिति का गठन किया है। जिसको लेकर बार कोड गली मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों पर पूरे जनपद में लगा दिए गए हैं।बीट आरक्षी गश्त के दौरान बार कोड को स्कैन करेगा जिससे निगरानी समिति को उसकी लोकेशन का पता चलेगा। अब बीट आरक्षी ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरत पाएंगे।लोगों की सुरक्षा को देखते हुए एसपी ने निगरानी समिति का गठन किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने लोगों की सुरक्षा को देखते हुए बागपत में निगरानी समिति का गठन किया है। निगरानी समिति बीट आरक्षियों पर पैनी नजर बनाए रखेगी। बागपत जनपद के सभी गली मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों पर बार कोड लगाए गए हैं। बीट आरक्षी गश्त के दौरान बारकोड को स्कैन करेंगे तब उनकी लोकेशन निगरानी समिति के पास जाएगी। निगरानी समिति बीट आरक्षियों पर नजर बनाए रखेगी। एसपी ने बताया कि जिससे कोई बीट आरक्षी अपनी ड्यूटी में लापरवाही नहीं बरत सकेगा और लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई भी की जाएगी। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए यह कदम उठाया गया।

# सेवा केंद्र संचालक को गोली मारकर लूटी गई रकम का हुआ खुलासा, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

- 14 अगस्त को सेवा केंद्र संचालक को गोली मारकर लूटी गई थी रकम
- तीनों अपराधियों पर विभिन्न थाना क्षेत्र में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। 14 जुलाई को बैंक से वापस जाते समय सेवा केंद्र संचालक को गोली मारकर लूटी गई रकम को मुखबिर की सूचना पर 26 अगस्त को क्षेत्राधिकार बांसगांव एवं खजनी की संयुक्त टीम ने मय रकम तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया।बांसगांव थाने से मिले प्रेस नोट के अनुसार विगत 14 जुलाई को बांसगांव थाना क्षेत्र के घी पोखर के पास बैंक से वापस लौटते समय ग्राहक सेवा के संचालक को बदमाशों ने गोली मारकर 168000 लूट कर फरार हो गए । घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कर दिया ।वही घटनास्थल का एसएसपी और एसपी साउथ ने निरीक्षण किया। घटना के सफल और जल्द अनावरण के लिए बारिश पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश पर संयुक्त टीम बनाकर के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी इसी क्रम में 26 अगस्त को पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व पुलिस अधीक्षक अपराध के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकार बांसगांव व खजनी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बांसगांव चन्द्रभान सिंह व खजनी मय टीम, स्वाट प्रभारी मय टीम, यस ओ जी प्रभारी मय टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई ।गिरफ्तार अभियुक्तो में 1.अंकित तिवारी उर्फ शेरू उर्फ रजत पुत्र रमेश निवासी कोटिया बिशनपुर थाना सिकरीगंज 2. केसर चंद उर्फ केसर पुत्र सर्वजीत निवासी कोठारा थाना अहिरौली जिला आजमगढ़ 3. करन पुत्र महेंद्र मनीष निवासी छितौनी बुजुर्ग थाना बेलघाट गोरखपुर के निवासी हैं । अभियुक्तों की निशानदेही पर लूट के लगभग 90 हजार रुपए, एक तमंचा 315 बोर,एक जिंदा कारतूस 315 बोर, छह मोबाइल फोन, एक यूनियन बैंक का चेक बुक,घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल के साथ ही एग्रीमेंट पेपर और दो थैला मिला ।गिरफ्तार अभियुक्तो में अंकित तिवारी उर्फ शेरू के ऊपर जनपद आजमगढ़,अंबेडकर नगर और गोरखपुर में 6 मुकदमे दर्ज है ।वहीं दूसरे आरोपी केशर चंद्र के ऊपर आजमगढ़,अंबेडकर नगर में कल 6 मुकदमे दर्ज है ।वहीं तीसरे आरोपी के ऊपर 8 मुकदमे दर्ज हैं।अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक मधुप नाथ मिश्र प्रभारी यस ओ जी गोरखपुर, थाना अध्यक्ष बांसगांव चंद्रभान सिंह, आरक्षी जितेंद्र कुमार, उप निरीक्षक सुरज सिंह प्रभारी स्वाट गोरखपुर, वरिष्ठ उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण द्विवेदी थाना बांसगांव, उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह थाना गोला, उप निरीक्षक राम सिंह चौकी प्रभारी हरनही, उप निरीक्षक अश्विनी चौबे चौकी पर प्रभारी कौड़ीराम, उप निरीक्षक रणजीत तिवारी थाना बांसगांव, उप निरीक्षक अनीश कुमार थाना बांसगांव और उपनिरीक्षक इंद्रजीत कुशवाहा थाना बांसगांव सम्मिलित रहे।

# अभद्र टिप्पणी पर संघ ने राजभर का फूंका पुतला

अखिल भारतवर्षीय युवा यादव महासभा के सदस्यों ने मुदार्बाद के लगाए नारे

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। प्रदेश में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की विवादित टिप्पणी को लेकर जनपद के अखिल भारतवर्षीय युवा यादव महासभा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव के साथ संघ के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की नारेबाजी करते हुए यादव महासभा के सदस्यों ने ओमप्रकाश राजभर का पुतला कस्बे के मुख्य चौराहे पर फूंकते हुए मुदार्बाद के नारे लगाए बिगत दिनों ओमप्रकाश राजभर द्वारा यादव समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर आक्रोशित समूचे यादव समाज ने जगह-जगह आक्रोश व्यक्त किया जनपद के अखिल भारतवर्षीय युवा यादव महासभा के सदस्यों ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर द्वारा यह अभद्र टिप्पणी की गई है जिसके लिए राजभर को सार्वजनिक रूप से संपूर्ण यादव समाज से क्षमा याचना करनी होगी अन्यथा अमौली कस्बे की तरह संपूर्ण जनपद तथा प्रदेश के अन्य जनपदों में भी पुतला दहन करते हुए यादव समाज के लोग बहिष्कार करेंगे इस मौके पर अखिल भारतवर्षीय युवा यादव महासभा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव के साथ जिला महासचिव अजय यादव कोषाध्यक्ष शैलेंद्र यादव उपाध्यक्ष शुघर सिंह यादव शिवपूजन अभिषेक नीरज मिलन पिंटू कुलदीप दिनेश सोनू समेत यादव समाज के सैकड़ो युवा मौजूद रहें

# घघसरा नगर पंचायत कार्यालय पर बीजेपी कार्यकर्ता की बैठक

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा कार्यालय पर चेतना महा अभियान के तहत बीजेपी कार्यकर्ता की एक बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख के अतिरिक्त भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।बैठक में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने कहा कि- भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार सबके लिए और हित में कार्य कर रही है। केंद्र व प्रदेश की योजना में कोई भेद-भाव नहीं है।इस लिए जनता बेहद खुश है।1 जनवरी से 18 वर्ष की आयु वाले युवा मतदाताओं को मतदाता सूची सम्मिलित करने तथा फर्जी मतदाताओं को हटाने का कार्य किया जाएगा। यह अभियान बूथ स्तर की इकाई से शुरू होगा। जिला महामंत्री ब्रम्हानंद शुक्ल व ब्लॉक प्रमुख शशि प्रताप सिंह ने कहा कि- निष्पक्ष चुनाव कराना सरकार की जिम्मेदारी है। जिससे मतदाता अपने मत का प्रयोग कर के एक स्थिर और विकासशील सरकार का चुनाव कर सके। उक्त त्र्यंबक उपाध्याय, विजय बहादुर सिंह,विजय मिश्रा, रमेंद्र मिश्रा, राजू पांडे,दिनेश मिश्रा, ध्रुव गौड़, सुनैना सिंह, रुचिका मिश्रा, राम जनक मौर्य, हरिकेश मौर्य, विष्णु प्रताप सिंह समेत कई कार्यकता मौजूद थे।

# मथुरा चिन्तन शिविर में जाने हेतु जिलाधिकारी व महाप्रबंधक पुर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को सौंपा ज्ञापन



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।जनपद के भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के समस्त पदाधिकारी मथुरा में 7,8,9, सितम्बर को होने वाले बिशाल चिन्तन शिविर मे भाग लेने हेतु देश के कोने- कोने से भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के सिपाही मथुरा धाम पहुचेंगे।इसी उद्देश्य से 26/08/2023/ को गोरखपुर जनपद के भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के समस्त पदाधिकारी उपजिलाधिकारी सदर, जिलाधिकारी गोरखपुर व महाप्रबंधक पुर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को ज्ञापन देकर अपनी आगामी यात्रा से अवगत कराते हुए सहयोग की अपील किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र पान्डेय, प्रदेश सचिव रमेश चंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन मंत्री बेचन शर्मा, मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र भारतीय, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सिद्धी किन्नर, मण्डल उपाध्यक्ष छोटे लाल तथा सबको साथ लेकर कन्धा से कन्धा मिलाकर चलने वाला जिलाध्यक्ष इन्द्रेश कुमार, साथ में बीसो महिला पुरुष संगठन के पदाधिकारी ज्ञापन देते समय मौजूद उपस्थितथे।

# सीएचसी में छात्रों के बने विकलांग प्रमाण पत्र



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड ब्लॉक मुख्यालय कस्बे में स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में मेडिकल असेसमेंट कैंप आयोजित किया गया खंड शिक्षा अधिकारी अमौली कुंवर सिंह कमल के कुशल निर्देशन में आयोजित दिव्यांग शिविर में समूचे क्षेत्र के शिक्षण संस्थान में शिक्षा ग्रहण कर रहे दिव्यांग छात्र पहुंचे शिविर में लगभग 75 दिव्यांग छात्र पहुंचे जिसमें जनपद से आई चिकित्सकों की टीम ने परीक्षण करते हुए 18 दिव्यांग बच्चों का प्रमाण पत्र बनाया इसी क्रम में अन्य आठ छात्रों को परीक्षण के लिए सदर अस्पताल फतेहपुर के लिए रेफर किया गया शिविर में पहुंचे डेढ़ दर्जन छात्र सौम्या आशीष अभिषेक मनीष कुमार हर्षिता आदि सभी बच्चों ने खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल समेत चिकित्सा विभाग का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की इस मौके पर जनपद से पहुंचे चिकित्सक डाक्टर बैजनाथ विशेष त्रिपाठी अर्चना नितिन कुमार अमित मिश्रा ( वरिष्ठ सहायक ) अजीत कुमार राजकुमार नूतन वर्मा ( स्पेशल एजुकेटर )आदि दर्जनों चिकित्सक मौजूद रहें

# ओबीसी राष्ट्रीय अध्यक्ष कालीशंकर यदुवंशी ने अखिल भारतीय नाई संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जनपद के ओबीसी आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कालीशंकर यदुबंशी ने अखिल भारतीय नाई संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को चौरी चौरा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पिछड़ी जाति महासंगम में समर्थन व सफलता की रणनीति को तय करने हेतु मुलाकात किया, साथ में राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर संजय जयसवाल और अजीत शर्मा मौजूद थे।

ओबीसी आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कालीशंकर यदुवंशी ने कहा की नाई समाज का योगदान समाज और राष्ट्र के लिए अभूतपूर्व रहा है, इस समाज ने राष्ट्र को तमाम महान हस्तियां दिया परंतु विडंबना है कि आज तक यह समाज उपेक्षित है, इसी समाज से भारत के प्रथम वीर चक्रवर्ती सम्राट महापदम नंद जी, बिहार के दो दो बार मुख्यमंत्री रहे महान जन नेता जननायक कपूरी ठाकुर जी, भोजपुरी को अपनी कला और आवाज से राष्ट्रीय फलक पर सम्मान दिलाने वाले महान भिखारी ठाकुर जी जैसी शख्सियत थे। ओबीसी आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी ने कहा कि आगामी 8 अक्टूबर को चौरी चौरा की क्रांतिकारी धरती पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पिछड़ी जाति महासंगम में नाई समाज के हक अधिकारों के लिए आवाज को बुलंद किया जाएगा. हमारी नई समाज से अपील है की पिछड़ी जातियों के महासंगम में बढ़-चढ़कर भाग ले और अपने एकता दिखाने का कार्य करते हुए अपने हक और अधिकारों के लिए हुंकार भरें। ओबीसी आर्मी के महासचिव डॉक्टर संजय जयसवाल ने कहा कि ओबीसी आर्मी आज सभी पिछड़ी जातियां को एकजुट करने का कार्य कर रही है और समाज को अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए आने के लिए प्रेरित कर रही है जिसमें नाई समाज का बहुत बड़ा योगदान होगा।

डॉक्टर जायसवाल ने बताया कि आज नाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष एडवोकेट ध्रुव नारायण शर्मा से मुलाकात कर उनका समर्थन प्राप्त किया गया तथा कहा कि ओबीसी आर्मी ऐसे संघर्षील नेता के साथ सदैव है परंतु विडंबना है कि कुछ लोगों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए इनका उपयोग किया और काम निकल जाने के बाद उन्हें सम्मान तक नहीं दिया, ऐसे लोगों को करारा जवाब ओबीसी आर्मी और नाई समाज द्वारा जरूर दिया जाएगा. समाज के ऐसे संघर्षील नेता को ओबीसी आर्मी साथ रहेगी और उनके प्रत्येक संघर्ष में बराबर का साथ देगी।साथ में आए हुए पत्रकार बेचन शर्मा, दुर्गेश शर्मा, गोलू शर्मा,आदि उपस्थित रहे।

# जौनपुर में युवक का दिनदहाड़े मर्डर:बदमाशों ने बीच सड़क पर मारी गोली

## बेटी बोली- गांव के जगत ने पापा को मार दिया

अमन लेखनी समाचार



जौनपुर, जौनपुर से दिनदहाड़े बीच सड़क पर गोली मारने का मामला सामने आया है।यहां बुधवार सुबह करीब 10 बजे एक युवक के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की बेटी का आरोप है, उसके पिता से मंगलवार को गांव के जगत ने मारपीट की थी।इसकी शिकायत पिता ने थाने में कर दी थी। बुधवार सुबह पापा थाने जा रहे थे, तभी जगत ने उनकी हत्या कर दी।सूचना पर परिवार के लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। युवक का नाम सतीश यादव था।वह गोसाईपुर का रहने वाला था।पुलिस घटना वाली जगह को सीज कर मामले की जांच में लगी है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स मौजूद है। मामला नेवढ़िया थाना क्षेत्र के नवापुर का है।सतीश की बेटी शिबू यादव का कहना है कि पैसे के लेन-देन को लेकर मंगलवार को उसके पिता सतीश चंद्र यादव भाई के साथ वाराणसी गए थे।वह शाम को जब वापस घर आ रहे थे, तो रास्ते में पिता की कार के आगे जगत ने गाड़ी लगा दी। इसके बाद पापा से कार का शीशा खुलवाया। जगत ने पापा की कार की चाभी निकाल ली और उनको अपने घर के अंदर ले गया। वहां उनके साथ मारपीट की।किसी तरह पापा उससे बचकर घर आए। तब भाई ने हम लोगों को पूरी बात बताई। शिबू ने बताया, इसके बाद हम लोगों ने पुलिस से इसकी शिकायत की। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुधवार सुबह थाने बुलाया था।पिता वहीं जा रहे थे।जब वह जगत सिंह के घर के सामने मडियाहू-कठिराव मार्ग पर पहुंचे, तभी जगत ने जबरदस्ती गाड़ी से उतार कर उनको गोली मार दी।जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।सतीश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था।सतीश के दो बेटे (रोहित और देवेंद्र) और दो बेटी हैं। जिनमें एक बेटे और एक बेटी की शादी हो चुकी है। सतीश घर पर ही रहकर खेतीबाड़ी करता था।उसने हाल ही में अपने नाम से पेट्रोल टंकी का पास लिया था।वह गांव में ही पेट्रोल टंकी का निर्माण भी करवा रहा था।घटना के बाद पूरे गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। जिससे गांव में किसी भी प्रकार का तनाव पैदा न हो। एसपी ग्रामीण शैलेंद्र सिंह ने कहा, घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शव के पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई कराई जा रही है।तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।सतीश यादव के बेटे रोहित यादव ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 2017-18 में महामंत्री के पद का चुनाव लड़ा था।

# थाना दिवस पर फरियादियों ने प्रशासन से न्याय की लगाई गुहार

- क्षेत्राधिकारी ने शिकायतों का किया निस्तारण

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना परिसर में समाधान दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ समाधान दिवस पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी जाफरगंज परशुराम त्रिपाठी के सामने फरियादियों ने अपनी समस्याओं को अवगत कराया क्षेत्राधिकारी ने सभी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के लिए थाना प्रभारी अखिलेश कुमार समेत अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया वही मौके पर थाना क्षेत्र के झाऊपुर गांव का एक जमीनी मामला सामने आया जिसे लेकर क्षेत्राधिकारी ने गांव जाकर मौके पर निरीक्षण किया तथा निस्तारण का पूर्ण प्रयास किया गया गांव में अवैध कब्जा करने वाले युवक को डांट फटकार लगाते हुए कब्जा हटाने के लिए निर्देशित किया इस मौके पर थाना समाधान दिवस में थाना प्रभारी अखिलेश कुमार उपनिरीक्षक चौकी प्रभारी अमौली संदीप कुमार तिवारी चौकी प्रभारी दपसौरा आदित्य नारायण सिंह उप निरीक्षक अवधेश कुमार दिलीप कुमार पृथ्वीराज चौधरी ग्रामीण अमरीश पांडे प्रकाश पांडे राम सजीवन यादव विनय यादव अजय यादव अनुज यादव एवं राजस्व लेखपाल वीरेंद्र सिंह समेत भारी संख्या में गणमन या नागरिक मौजूद रहें

# चोरी की चार अदद मोटरसाइकिल समेत दो अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार

हुसेनगंज पुलिस को मिली बडी सफलता

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के हुसैनगंज थाना के अंतर्गत शनिवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर हुसेनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मथैयापुर चौराहे के पास से रात्रि 12:15 बजे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की 4 अदद मोटरसाइकिल बरामद की गई। जिसके संबंध में थाना हुसैनगंज द्वारा मुकदमा पंजीकृत करके कानूनी कार्यवाही की जा रही है अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया की पकडे गए अंतर्जनपदीय चोरों द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे जिनमे से एक मनोज कुमार मौर्य उम्र 35 वर्ष निवासी छेउका हुसैनगंज का निवासी है दूसरा अभियुक्त राजेश सिंह उम्र 28 वर्ष मथैया पुर थाना हुसैनगंज का निवासी है जिनके पास चोरी की 4 अदद मोटरसाइकिल बरामद की गई है जहा गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गोविंद सिंह चौहान ,उपनिरीक्षक उपदेश कुमार और कांस्टेबल टीकम सिंह रहे।

# सराफा कारोबारी श्रीकांत वर्मा का निधन, व्यापार मंडल शोकाकुल

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। कौड़ीराम उपनगर में करीब पांच दशक पुराने व प्रतिष्ठ सराफा कारोबारी श्रीकांत वर्मा का शुक्रवार की सुबह आकस्मिक रूप से निधन हो गया ।श्रीकांत वर्मा के निधन से परिजनों सहित व्यापार मंडल कौड़ीराम में शोक की लहर छा गई। श्रीकांत वर्मा करीब पांच दशक से कौड़ीराम उपनगर में सोने चांदी का कारोबार किया करते थे।उनकी गिनती कौड़ीराम के प्रतिष्ठित सराफा कारोबारी में किया जाता था ।65 वर्षीय श्रीकांत वर्मा कुछ समय से बीमार चल रहे थे, किंतु शुक्रवार की सुबह उनके असामयिक निधन की सूचना से परिजनों सहित कौड़ीराम व्यापार मंडल में शोक की लहर दौड़ गई। श्रीकांत वर्मा के पार्थिव शरीर को परिजनों एवं मित्रों द्वारा बड़हलगंज स्थित मुक्ति पथ पर अंतिम संस्कार के लिए ले गया जहां श्री वर्मा के बड़े पुत्र शिवकुमार वर्मा ने उन्हें मुखाग्नि दी । श्रीकांत वर्मा अपने पीछे पत्नी, तीन लड़के और दो लड़कियों को छोड़ गए हैं ।इस अवसर पर गोपाल वर्मा, विजय सोनी, बिरेंद्र दुबे, गंगासागर पांडेय, विनय सेठ ,अजय प्रकाश सिंह, राजेश सिंह राजन, सुभाष जायसवाल, विक्की मिश्रा, घनश्याम प्रधान, प्रेमचंद जायसवाल, रमेश राय, प्रेम वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, सुभाष वर्मा, रमाकांत वर्मा ,दिनेश वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, विकास वर्मा, राजेश वर्मा, खूब लाल वर्मा, चंदन वर्मा ,अमन वर्मा, जमाल अहमद, धर्म जायसवाल ,रामू वर्मा, संजय वर्मा, गोरख वर्मा, अशोक वर्मा, राजन वर्मा, जूली वर्मा, दीपक जायसवाल, विनीत जायसवाल, उधो चौधरी, सदानंद वर्मा, लालकश वर्मा और संजय सिंह आदि मौजूद रहे ।

खास समाचार

# आज जितिन करेंगे बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा व राहत किट का वितरण

बाराबंकी। प्रदेश के मंत्री जितिन प्रसाद, लोक निर्माण विभाग के जनपद में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार कल दोपहर 12:30 पर तहसील रामनगर में चहलारी घाट गणेशपुर तटबंध हेतमापुर पर बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा करेंगे। तत्पश्चात मंत्री अपराह्न 12:50 पर पंडित पुरवा मजरे हरक्क में राहत किट का वितरण भी करेंगे।

# प्रसव के बाद मृत पत्नी का मृत्यु प्रमाणपत्र डीएम को सौंपा, लगाई न्याय की गुहार

मसौली, बाराबंकी। प्रसव के बाद हुई पत्नी की मौत का मृत्यु प्रमाण पत्र एव नवजात शिशु की मांग को लेकर पीड़ित पति ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। मामला थाना व कस्बा सफदरगंज निवासी पीड़ित पति विष्णु कुमार पुत्र जयकरण मिश्रा का तीन वर्ष पूर्व गोंडा जनपद के थाना करनेलगंज के चंगरिया निवासी अवधेश कुमार की पुत्री दीपाली मिश्रा के साथ हुआ था गत 29 जून को प्रसव के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया तथा 30 जून को आपरेशन से पुत्र ने जन्म लिया पत्नी की देखरेख के लिए पत्नी की बड़ी बहन बेबी तिवारी पत्नी कृष्णा तिवारी थी तथा रात्रि मे पत्नी का वीगो निकल जाने से तबियत बिगड़ जाने पर मेडिकल कालेज लखनऊ मे भर्ती कराया गया लेकिन ससुरालीजन 4 जुलाई को गोमतीनगर निजी अस्पताल मे भर्ती कराया तथा 14 जुलाई को 6 लाख रुपये खर्च का बिल ससुराली जनो को सौपा तथा 16 जुलाई को साले ने बताया कि दीपाली की मृत्यु हो गयी अस्पताल से जब विवाहिता का शव निकाल गया तो शरीर से बदबू आ रही थी ससुराली जन जबरदस्ती अपने गांव ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। विष्णु कुमार मिश्रा ने बताया की पत्नी की मौत के बाद जारी किए गए मृत्यु प्रमाण पत्र व मेरे नवजात शिशु को ससुराली जन देने से इनकार कर रहे हैं। पीड़ित अपने नवजात शिशु और पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र पाने के लिए जिला अधिकारी बाराबंकी से गुहार लगाई है।

# भाजपा के दो नेताओं और आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

अमेठी। युवक कांग्रेस की अमेठी इकाई के अध्यक्ष पर कथित रूप से हमला करने के आरोप में भाजपा के दो नेताओं और आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। युवा कांग्रेस के नेता पर हुए कथित जानलेवा हमले को लेकर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल व पूर्व मंत्री आशीष शुक्ला समेत अनेक नेताओं और कार्यकताओं ने थाने पहुंचकर भाजपा नेताओं को इसके लिए जिम्मेदार बताया। अमेठी थाने में दी गई तहरीर में शुभम सिंह ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार रात करीब नौ बजे वह मुंशीगंज रोड स्थित इंटरनेशनल होटल से खाना पैक करा कर जैसे ही बाहर निकला, पीछे से स्कार्पियो पर सवार होकर पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रताप सिंह (राजू सिंह), और भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशु मिश्रा और उनके साथ आठ अन्य लोगों ने उनके ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस अधीक्षक इलामारन ने बताया कि शुभम सिंह के मामले में अमेठी थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है और इस मामले में दोषी पाए गए व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# पुस्तक का विमोचन

बेंगलुरु। रामाश्रम सत्संग, मथुरा के वर्तमान गुरु एवं संचालक आलोक कुमार के कर कमलों द्वारा रीता सिंह की पुस्तक वीरांगनाये का विमोचन हुआ बेंगलुरु में 20 रामाश्रम सत्संग के वर्तमान गुरु एवं संचालक आलोक कुमार के बैंगलोर आगमन पर रोहन झरोखा के क्लब हाउस में आयोजित रामाश्रम सत्संग कार्यक्रम में रीता सिंह की पुस्तक वीरांगनाये का लोकार्पण गुरु आलोक कुमार ने अपने करकमलों से कियो उन्होंने और भाभी जी ने रीता सिंह को आशीर्वाद भी दिया सत्संग में आये सभी लोगों ने रीता सिंह को बधाइयां दीं

# कोच प्रशांत एंड्रयूज को मिला बेस्ट कोच का खिताब

बेंगलुरू। दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाइटफील्ड, बेंगलुरू के कोच प्रशांत एंड्रयूज को रेयान इंटरनेशनल एकेड़मी द्वारा आयोजित दो दिवसीय इंटर स्कूल प्रतियोगिता में बेस्ट कोच के सम्मान से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता अनेक स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया था। दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाइटफील्ड के कक्षा तीन तक के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिद्वंदी टीम को कड़ी टक्कर देते हुए जीत हासिल की। कक्षा तीन के दर्शिल.के को बेस्ट प्लेयर और कोच प्रशांत एंड्रयूज को बेस्ट कोच के खिताब से सम्मानित किया गया।

# शव की सूचना पर मचा हड़कंप

गाजीपुर। जनपद के कोतवाली मोहम्मदाबाद अंतर्गत क्षेत्र के अष्ट शहीद इंटर कॉलेज के कैंपस के बाहर पश्चिम की तरफ बगीचे में शव पाए जाने की सूचना पर हड़कंप मच गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अष्ट शहीद इंटर कॉलेज जब सुबह 7:30 बजे आरंभ हुआ तो कमरा नंबर 21 और 22 में छात्र-छात्राओं ने पठन-पाठन आरंभ किया। पठान पठान आरंभ होने के साथ ही इंटर कॉलेज के कैंपस के बाहर से दुर्गंध आ रही थी। परिणाम स्वरुप छात्र-छात्राओं का पढ़ना मुश्किल हो गया। छात्र-छात्राओं ने कॉलेज के प्रधानाचार्य को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रधानाचार्य एस एस गिरि ने दुर्गंध वाले स्थान को खोजना आरंभ किया। बताते चलें कि कैंपस के बाहर पश्चिम तरफ एक बगीचा है। जहां बहुत अधिक जंगल लगा हुआ है। जहां से दुर्गंध आ रही थी। किसी ने बताया की सफेद लोअर में कुछ है, जिसकी सड़न से यह दुर्गंध आ रही है। प्रधानाचार्य ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली प्रभारी घनानंद त्रिपाठी को दी। सूचना पाकर चौकी प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्होंने अपने साथ लाए एक व्यक्ति को लोअर खोलने को कहा। व्यक्ति ने जब लोअर खोला तो उसमें किसी पशु के अवशेष बांधकर फेके गए थे। जिसकी सड़न की वजह से यह दुर्गंध आ रही थी।

# खाद्यान्न का लांभाश बढाये जाने समेत छः सूत्रीय ज्ञापन एसीएम को सौपा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। प्रदेश के कोटेदारो को खाद्यान्न का लाभांश बढाये जाने सहित छःसूत्रीय मांगो का मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन उ०प्र० के लखनऊ जिलाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ला ने महासचिव आनन्द कुमार गुप्ता समेत पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एसीएम (पंचम) चन्द्र प्रकाश प्रियदर्शी को सौपा। जिलाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ला ने बताया सरकार की नीतियों का जनता में प्रचार प्रसार करने के लिये 20 सितम्बर को कोटेदार/उपभोक्ता जनजागरण रथयात्रा भी निकाली जायेयी, अलीगढ से शुरू होकर जनजागरण यात्रा 29सितम्बर को लखनऊ पहुंचेगी, जहां विशाल सभा के बाद समापन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष ने बताया मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र में प्रदेश के कोटेदारो को खाद्यान्न का लांभाश बढाकर 300रुपए किये जाने, 10लाख का स्वास्थ बीमा, वर्ष 2001 से एपीएल, बीपीएल, अत्योदंय, एमडीएम, आगंनबाड़ी का बकाया परिवहन व्यय का भुगतान कराये जाने, परिवहन ठेकेदारो द्वारा दूर के कोटेदारो की दुकान तक खाद्यान्न पहुंचाये जाने, ई-पास मशीन के इंजीनियरो द्वारा सिमकार्ड रिचार्ज एवं मशीनो की मरम्मत कुइ सुविधा आदि की समस्याओ के नाम ओर कोटेदारो के हो रहे आर्थिक व मानसिक शोषण पर लगाम लगाये जाने, आपूर्ति कार्यालय प्राइवेट दलालो पर कार्यवाही करने, जून 2020 कोरोना काल में निःशुल्क वितरण कराये गये खाद्यान्न का पैसा दिलाने जाने की मांग की है। इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विद्या सागर, राकेश तिवारी, विजय पाल, मंशाराम, दिनेश चन्द्र द्विवेदी, मान सिहं यादव, पवन कुमार मौजूद रहें।

# आयुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय पर्यावरणीय समिति की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में मण्डलीय पर्यावरणीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान बताया गया कि मा. राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में उत्तर प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, जीव चिकित्सा अपशिष्टप्रबन्धन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन, परिसंकटमय अपशिष्ट, कांस्ट्रेक्शन एण्ड डेमोलेशन बेस्ट प्रबन्धन, ई वेस्ट प्रबन्धन, उत्प्रवाह शुद्धीकरण सयंत्र, सयुक्त उत्प्रवाह शुद्धीकरण सयंत्र के संचालन एवं समय-समय पर विभिन्न वादों में पारित निर्देशों के अनुपालन के अनुश्रवण के सम्बंध में प्रभावी अनुश्रवण तंत्र विकसित किया गया है। अनुश्रवण तंत्र के अन्तर्गत जिला स्तर पर जिलास्तरीय अनुश्रवण समिति तथा मण्डल स्तर पर मण्डलीय अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है। प्रत्येक माह मण्डल व जनपद स्तर पर पर्यावरणीय समिति की बैठक कर समिति की रिपोर्ट के आधार पर समीक्षा की जाती है।

बैठक के दौरान यह भी बताया गया कि ठोस अपशिष्ट, प्लास्टि अपशिष्ट, कांस्ट्रेक्शन एण्ड डेमोलेशन बेस्ट प्रबन्धन, नगर निगम व निकाय द्वारा किया जाता है। जैविक तथा जैविक चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबन्धन मुख्य चिकित्साधिकारी के स्तर से किया जाता है। जबकि ई वेस्ट प्रबन्धन क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण द्वारा किया जाता है। बैठक के दौरान आयुक्त द्वारा निर्देश दिये गये कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नियमित रूप से प्रत्येक माह जिला पर्यावरणीय समिति की बैठके आयोजित कर मा. राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन देवीपाटन मण्डल राकेश सिंह शर्मा, जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी, बलरामपुर के अरविन्द सिंह, वन संरक्षक मनोज कुमार सोनकर सहित मण्डल के प्रभागीय वनाधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म व धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

मुसाफिरखाना, अमेठी। दुष्कर्म व धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी युवक को कोतवाली पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक डा इलामारन जी के निर्देश पर सीओ गौरव सिंह के कुशल मार्गदर्शन में स्थानीय कोतवाली पुलिस की टीमें प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में अलग अलग स्थानों पर संदिग्ध व्यक्ति वस्तुओं व वाहन की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में स्थानीय कोतवाली के एसआई देवेंद्र सिंह चौहान व राजेश दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण व तलाशी अभियान पर थी। इसी बीच शनिवार की दोपहर करीब ने मे मुखबिर की सूचना के मुताबिक पुलिस टीम ने क्षेत्र के जमुवारी तिराहे के पास से एक युवक को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की। पूंछतांछ में हिरासत में लिए गए युवक की पहचान मोहम्मद कैफ पुत्र मोहम्मद अली निवासी ग्राम मियां का पुरवा थाना कुडवार सुल्तानपुर के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक दुष्कर्म व धमकी देने के मामले में वांछित चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के फर्स्ट लेवल चेकिंग कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस में चल रहे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की फर्स्ट लेवल चेकिंग कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए, किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश न दिया जाए, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों का परिचय पत्र जारी किया जाए, किसी भी व्यक्ति को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स लेकर अंदर ना जाने दिया जाए, ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य पूरी निष्पक्षता एवं शुचिता के साथ किया जाए। बताते चलें कि आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य बेंगलुरु से आए इंजीनियरों द्वारा किया जा रहा है जिसका आज जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# शिक्षक की भूमिका में नजर आए डीएम, छात्रों को दिया सफलता का मंत्र

अमन लेखनी समाचार

**अनुशासन एवं कड़ी मेहनत से मिलेगी सफलता.......जिलाधिकारी**



अमेठी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निशुल्क कोचिंग प्रारंभ की गई है जिसमें आज जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने पहुंचकर छात्रों का मार्गदर्शन किया एवं उन्हें सफलता के मंत्र बताएं। छात्रों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें, इससे आपको सफलता अवश्य प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि निःशुल्क कोचिंग व्यवस्था आपको लक्ष्य प्राप्ति में सही दिशा दिखाएंगी, किंतु मेहनत आपको ही करना है। उन्होंने छात्रों से कहा कि विषयों का गहराई से अध्ययन करें एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए पर्याप्त समय दें, जिससे आपको मन मुताबिक परिणाम मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है जो लोग कड़ी मेहनत करते हुए अपने समय का सदुपयोग करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य प्राप्त होती है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षाओं की तैयारियों के लिए बदले हुए पैटर्न के हिसाब से पढ़ाई करें साथ ही पढ़ाए गए पाठ्यक्रमों का बार-बार अध्ययन करें। कोचिंग व्यवस्था परीक्षाओं के पाठ्यक्रम के हिसाब से आपका मार्गदर्शन अवश्य करेगी, परंतु आपका अध्ययन के प्रति ज्यादा समय देने एवं समर्पण भाव ही आपको सफलता दिलाएगी। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग संस्थान का संचालन सायं 3:30 बजे राजकीय बालिका इण्टर कालेज गौरीगंज, अमेठी में किया जा रहा है तथा शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में 13 छात्र पेट परीक्षा, 03 छात्रों ने नीट, 02 छात्रों का एस0एस0सी0 में चयन हुआ है। इस क्रम में वर्ष 2023-24 में निःशुल्क कोचिंग में यू0पी0एस0सी0/यू0पी0पी0एस0सी0 के 143, नीट के 129, एन0डी0ए0/सी0डी0एस0 के 11 एवं यू0पी0एस0एस0एससी0/एस0एस0सी0 के 57 छात्र/छात्राओं द्वारा प्रवेश लिया गया है। उक्त के क्रम में पात्र छात्र/छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है तथा आवेदन हेतु आवश्यक प्रपत्रों के साथ कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी स्तर पर संपर्क किया जा सकता है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश हेतु पात्रता की शर्तों के तहत छात्र/छात्रा का अभिभावक जनपद का निवासी हो, छात्र/छात्रा का अभिभावक निर्धन व जरूरतमंद हो, नीट/जे0ई0ई0 हेतु कक्षा 11 एवं कक्षा 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र/छात्रा पात्र होंगे। सिविल सेवा/पी0सी0एस0 परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु स्नातक अन्तिम वर्ष में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण छात्र/छात्रा पात्र होंगे। एन0डी0ए0/सी0डी0एस0 आदि परीक्षा हेतु शैक्षिक अर्हताएं सम्बन्धित प्रतियोगी परीक्षा के अनुरूप होगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आवेदकों को आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंजलि सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# ए.के. शर्मा घोसी ने किया विधानसभा उप चुनाव को लेकर प्रचार

अमन लेखनी समाचार



मऊ। उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता एवं नगर विकास व उर्जा मंत्री एके शर्मा भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार दारा सिंह चौहान के समर्थन में उनको विजयी बनाने के लिए अपनी पूरी दल बल के साथ 8 दिनों के प्रवास पर मऊ पहुँचे हैं। मंत्री ए.के.शर्मा घोसी में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए मतदाताओ से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की कर रहे हैं जोरदार अपील। इसी क्रम में मंत्री एके शर्मा आज दिनांक 26 अगस्त को मऊ जिले के घोसी विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार श्री दारा सिंह चौहान जी के समर्थन में ग्रामसभा काछीकला में व्यापक जन संपर्क कर आयोजित चौपाल को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि घोसी की शांति, सुरक्षा, नवयुवकों के उज्ज्वल भविष्य के साथ यहां के तीव्र, सर्वांगीण और चौतरफा विकास के लिए घोसी में डबल इंजन की सरकार बनाना जरूरी

जिसके बाद मंत्री एके शर्मा घोसी विधानसभा के रेवरीडीह ग्रामसभा पहुँच कर भारी संख्या में आयी जनता का अभिवादन स्वीकार किया तथा वहाँ आयोजित चुनावी चौपाल को संबोधित करते हुए जनता से दारा सिंह चौहान के पक्ष में वोट डालने का अपील किया जिससे मऊ में भाजपा की डबल इंजन सरकार को स्थापित कर सुशासन और विकास करने वाली सरकार बने और क्षेत्र का चौतरफा सर्वांगीण विकास होगा। जिसके बाद मंत्री एके शर्मा कोपागंज और रईसा पहुँच कर व्यापक जनसंपर्क कर चुनावी जन चौपाल को संबोधित कर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में जनता को बताया तथा जनता से दारा सिंह चौहान के पक्ष में वोट डालने का अपील किया।

## अवैध गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

जगदीशपुर, अमेठी। पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त को अवैध गांजे के साथ धर दबोचा जिसके संबंध में आवश्यक कार्रवाई जारी है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ वाराणसी हाइवे पर स्थित जायस मोड पर चेकिंग के दौरान उ0नि0 संजय सिंह थाना जगदीशपुर मये हमराही द्वारा अभियुक्त दीवान सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह नि0 चौबरीयन का पुरवा टेकी पट्टी थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी तलाशी से एक किलो 800 ग्राम गांजा भी बरामद हुआ। जिसके संबंध में थाना हाजा पर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डेंगू मरीज मिलने से स्वास्थ्य महकमे में मचा हड़कंप

**– सीएमओ के नेतृत्व में डेंगू का निरीक्षण करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम**



जगदीशपुर, अमेठी। डेंगू के लक्षण मिलने की खबर पाकर जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी मय टीम मौके पर पहुंचकर डोर टू डोर निरीक्षण कर संक्रमित लोगों का सैंपल इकट्ठा कर जांच के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। विकास खंड के अंतर्गत स्थित कस्बा निहालगढ में उस वक्त हडकंप मच गया जब संक्रमित लोगों में डेंगू के लक्षण पाए गए। ग्रामीणों नें तत्काल इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दिया। यह खबर पाते ही जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घर घर जाकर संक्रमित लोगो की जांच कर सैंपल जांच के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। इस मौके पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर के अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप तिवारी ने लोगो को साफ सफाई व स्वच्छता अपनाने की सलाह देते हुए घर के आसपास का स्थान साफ सुथरा रखने व स्वच्छ भोजन तथा शुद्ध पेयजल सेवन करने की अपील की तथा जिला पंचायतराज अधिकारी ने एडीओ पंचायत को तत्काल सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया।

# युवा व महिला मतदाता को जोड़ने के लिए भाजपा चलाएगी अभियान

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में बीजेपी रणनीति बनाने में जुटी है। शनिवार को पूरे जनपद के सभी मंडलों को एक दिवसीय वोटर चेतना महाअभियान की कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें नए व युवा मतदाताओं को जोड़ने तथा बोगस तथा मृतक मतदाताओं का नाम मतदाता सूंची से कटवाने को लेकर चर्चा हुई। भाजपा मंडल विश्वकर्मानगर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को बतौर मुख्य वक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि 28 अगस्त से 10 अक्टूबर तक चलने वाले मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सभी पार्टी कार्यकताओं को लगना है। बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता मतदाता सूंची को घर-घर जाकर सत्यापित करें। उन्होंने कहा प्रत्येक विधानसभा में 20 हजार मतदाताओं के नाम बढ़ाने के लक्ष्य पर काम करना है। उन्होंने कहा अंतिम वोटर सूची का प्रकाशन 17 अक्टूबर को होगा। मतदाता सूची के दावे आपत्तियों का निस्तारण 17 अक्टूबर से 31 नवंबर तक चलेगा। इसके बाद विशेष मतदाता अभियान अक्टूबर-नवंबर में चलाया जाएगा। उन्होंने कहा युवा व महिला मतदाता वोटर को जोड़ने पर अधिक ध्यान देना है। भाजपा प्रवक्ता ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा मिशन 2024 की तैयारी में मतदाता पुनरक्षण अभियान अहम कार्य है। उन्होंने बताया नये मतदाता को जोड़ने के लिए फॉर्म नंबर 6, फर्जी व मृतक नाम कटवाने के लिए फॉर्म नंबर 7, निवास स्थान परिवर्तन, सुधार, विकलांग वोटर के लिए फार्म 8 का प्रयोग करना है। पार्टी प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अमेठी जनपद के 19 मंडलों में कार्यशाला आयोजित हुई, जिसने वोटर लिस्ट एवं सभी प्रकार के फॉर्म भी वितरित किया गया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से नकछेद दूबे राम अँजोर पाल प्रशांत शुक्ला सत्यनारायण सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला थानाध्यक्ष द्वारा चलाया गया सघन वाहन चेकिंग अभियान

अमन लेखनी समाचार



मसौली, बाराबंकी। आपको बताते चलें कि नाका सतरिख पर कोई तो दिखा हेलमेट में और कोई दिखा बिना हेलमेट में बाइक सवारों के छूटा पसीना एक दर्जन से अधिक लोगों का हुआ चालान। बाराबंकी पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार तेज तर्रार महिला थाना अध्यक्ष श्रीमती मुन्नी सिंह व की टीम द्वारा नाका सतरिख पर चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान। बिना हेलमेट तीन सवारी दो पहिया वाहनों का हुआ चालान। महिला थाना अध्यक्ष के श्रीमती मुन्नी सिंह लोगों को दिलाया सुरक्षा का एहसास हेलमेट न लगाने वालों का चालान भी किया गया हेलमेट लगाने के लिए लोगों को कड़ी हिदायत दी गई तो वहीं आपको बता दें कि बिना हेलमेट बाइक सवारों ने महिला थाना अध्यक्ष को देखते ही छूटने लगे पसीने होते रहे चालान नाका सतरिख पर यातायात नियमों का उलंघन करने वालों का हुआ चालान। वह लोगों को जागरूक करती थानाध्यक्ष श्रीमती मुन्नी सिंह की घर से निकले तो हेलमेट लगा कर निकले। यातायात नियमों का पालन करें अन्यथा बिना हेलमेट में ना चले आप रहे सुरक्षित।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# सुभाष संजय को लेकर खलनायक 2 बनाएंगे ...

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने माने फिल्मकार सुभाष घई, संजय दत्त को लेकर खलनायक 2 बनाएंगे। सुभाष घई ने वर्ष 1993 में संजय दत्त, माधुरी दीक्षित और जैकी श्राफ जैसे सितारों को लेकर सुपरहिट फिल्म खलनायक बनाई थी। सुभाष घई अब खलनायक 2 बनाने जा रहे हैं। सुभाष घई ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, यदि मीडिया आज भी 'खलनायक' के बारे में बात कर रहा है और यंग जनरेशन संजय दत्त के किरदार बल्लू बलराम के साथ कनेक्ट करते हुए इसका सीक्वल बनाने की मांग कर रहे हैं। तो हमारे पास डबल एनर्जी के साथ 'खलनायक 2' ना बनाने की कोई वजह ही नहीं हैं।

लाइफ Style



# राखी

## एक्टिंग में फ्लॉप, डांस में नंबर वन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी भले ही बॉलीवुड में एक्टिंग की दुनिया में फेल हो गई हों लेकिन वो डांस में नंबर वन रहीं जो उनकी शोहरत का कारण बना। यही वजह है कि एक्ट्रेस आज 37 करोड़ रुपये से भी ज्यादा संपत्ति की मालकिन हैं।

बता दें कि कई लग्जरी गाड़ियों के साथ राखी के पास मुंबई में दो आलीशान फ्लैट और एक बंगला भी है। बहुत कम लोग जानते हैं कि राखी सावंत ने महज 11 साल की उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था। तब एक्ट्रेस को सिर्फ 50 रुपए की सैलरी मिलती थी। फिर सालों संघर्ष करने के बाद राखी ने बॉलीवुड में कदम रखा और 'मैं हूं ना' जैसी कई फिल्मों में छोटे-मोटे किरदार निभाए। इनमें से किसी से भी राखी को सफलता और फेम हासिल नहीं हो पाया।

राखी एक्टिंग के साथ डांस में भी माहिर रहीं इसलिए उन्होंने डांस में अपना करियर बनाने के बारे में सोचा और देखते ही देखते वो इंडस्ट्री की टॉप आइटम गर्ल बन गई। जिन्होंने कई फिल्मों में अपने डांस से लोगों को दीवाना बनाया। इसके साथ ही राखी ने तेलुगू और तमिल फिल्मों में भी काम किया है। एक्ट्रेस को टीवी के सबसे विवादित शो 'बिग बॉस' में एंटरटेनमेंट का तड़का लगाने के लिए बुलाया जाता है। जिसकी लिए उन्हें मोटी रकम मिलती है। इसके अलावा राखी कई विज्ञापन, ब्रांड प्रमोशन और सोशल मीडिया के जरिए भी तगड़ी कमाई करती हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# आलिया बहुत मजेदार हैं

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट जल्द ही हॉलीवुड फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। 'हार्ट ऑफ स्टोन' में आलिया हॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री गैल गैडोट और अभिनेता जैमी डोर्नन के साथ अभिनय करती नजर आएंगी। अब इस बीच गैल ने आलिया की जमकर तारीफ की है। गैल ने बताया कि आलिया और उनमें काफी समानताएं हैं। एक इंटरव्यू में गैल ने कहा, आलिया भट्ट और मेरे बीच काफी समानताएं हैं। मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं।




# पॉप स्टार रिहाना ने रैपर रॉकी संग किया अपने दूसरे बेटे का स्वागत

**वाशिंगटन।** मशहूर पॉप स्टार और गायिका रिहाना अपने बेहतरीन गानों के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने अपने गानों के बल पर ही दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। रिहाना ने दूसरी बार मां बनने के बाद अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकन रैपर रॉकी के साथ अपने दूसरे बेटे का स्वागत इस दुनिया में किया है। यह रैपर रॉकी के साथ उनका दूसरा बच्चा है। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्र ने बताया है कि रिहाना के दूसरे बेटे का जन्म 3 अगस्त को लॉस एंजिल्स में हुआ है। कहा जा रहा है कि रिहाना और रॉकी ने अपने बेटे का नाम 'आर' से रखा है। रिहाना और रॉकी ने अपने पहले बेटे का नाम रेज्डा एथेलस्टन मेयर रखा है। बार्बाडोस के सेंट माइकेल में जन्मी रिहाना का असली नाम रॉबिन फेंटी है। उन्होंने 17 साल की उम्र में ही अपने करियर की शुरुआत कर दी थी।



# 'रामायण' से अलग हुईं आलिया...


**मुंबई।** पिछले कुछ दिनों से फिल्म 'रामायण' को लेकर बज बना हुआ है। नितेश तिवारी की इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर को राम और सीता के रोल के लिए कास्ट किया गया था। जिसके बाद फैंस में दोनों के साथ काम करने को लेकर काफी एक्साइटमेंट था लेकिन फैंस के लिए एक बुरी खबर है क्योंकि आलिया ने इस फिल्म से खुद को अलग कर लिया है। इस फिल्म के छोटे से छोटे एंगल पर बारीकी से काम किया जा रहा है ऐसे में आलिया की आगे की सभी डेट्स बुक हैं और उन्हें अपने दूसरे प्रोजेक्ट्स के लिए भी वक्त निकालना है। ऐसे में आलिया ने व्यस्त शेड्यूल को देखते हुए इस फिल्म से खुद को अलग कर लिया है। आलिया भट्ट के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में एक्ट्रेस ने 'हार्ट ऑफ स्टोन' से हॉलीवुड में डेब्यू किया है।




# नवाजुद्दीन की 'हड्डी' का ट्रेलर रिलीज...

**नई दिल्ली।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म हड्डी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। काफी समय से फिल्म का पोस्टर देखकर फैंस इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे जो अब फाइनली दर्शकों के सामने है। रिलीज होते ही ट्रेलर ने धमाल मचाया हुआ है। फिल्म में नवाजुद्दीन ने ट्रांसजेंडर का किरदार निभाया है। ट्रेलर की शुरुआत होती है नवाजुद्दीन से जो ट्रांसजेंडर के किरदार में नजर आते हैं। नवाजुद्दीन ने साड़ी पहनी है और माथे पर बिंदी लगाई हुई है। इसके साथ वह कहते हैं, पता है लोग हमसे क्यों डरते हैं, हमारा आशीर्वाद बहुत शक्तिशाली होता है और हमारा श्राप बहुत भयावह और उससे भी भयावह जानते हो क्या होता है, हमारा बदला। इसके बाद दिखाया जाता है कि कैसे एक ट्रांसजेंडर कम्युनिटी को ज्वाइन करने के लिए वह कई क्राइम करता है और हर बार बच जाता है।

## टीवी मसाला




# कंगना के 'लॉक अप 2' की कंटेस्टेंट लिस्ट हो गई तैयार!

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत द्वारा होस्ट किया गया रियलिटी शो 'लॉक अप' का सीजन 1 काफी हिट रहा था। वहीं अब 'बिग बॉस ओटीटी 2' के बाद फैंस और इंटरनेट यूजर्स रियलिटी शो 'लॉक अप' के सीजन 2 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पहले सीज़न में स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी विनर रहे थे। वहीं अब सीजन 2 के जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि कंगना रनौत द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो के अपकमिंग सीजन के लिए कई सेलेब्स के नाम की चर्चा हो रही है। चलिए जानते हैं 'लॉक अप 2' में कौन-कौन से सेलेब्स नजर आ सकते हैं।

***पुनीत सुपरस्टार :*** सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर पुनीत सुपरस्टार बिग बॉस ओटीटी 2 में नजर आए थे। हालांकि पुनीत को बिग बॉस के घर में एंट्री के 24 घंटों के भीतर ही बाहर कर दिया गया था। वहीं अब, उनके कंगना रनौत के 'लॉक अप 2' का हिस्सा बनने की खबरें आ रही हैं।

***प्रियंका जग्गा :*** मार्केटिंग रिक्रूटर प्रियंका जग्गा ने बिग बॉस 10 में तहलका मचा दिया था वहीं उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि भी कर दी है कि वह लॉक अप 2 का हिस्सा बनने जा रही हैं।

***करण-उमर रियाज भी आ सकते हैं नजर :*** गॉसिप्स टीवी की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि करण मेहरा भी लॉक अप 2 का हिस्सा बनने जा रहे हैं। हाल ही में, उनकी पत्नी निशा रावल द्वारा उन पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाने के बाद वे सुर्खियों में आ गए थे। उमर रियाज भी 'लॉकअप 2' के कंटेस्टेंट बन सकते हैं। असीम रियाज़ के भाई उमर रियाज 'बिग बॉस 15' का भी हिस्सा थे। उमर के भी 'लॉक अप सीज़न 2' के कंटेस्टेंट होने की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने अभी तक शो में अपनी भागीदारी को कंफर्म नहीं किया है।

### प्रियांक सहित इनकी भी कंटेस्टेंट बनने की अटकलें

रोडीज़ और स्प्लिट्सविला से फेमस हुए प्रियाकं शर्मा भी कंगना रनौत के शो का हिस्सा बन सकते हैं। हालांकि उनके लॉक अप के दूसरे सीजन में बतौर कंटेस्टेंट नजर आने अटकलें हैं, लेकिन शर्मा ने अभी तक इसके बारे में कोई कंफर्मेशन जारी नहीं की है। इनके अलावा बिग बॉस 16 फेम सौंदर्या शर्मा, रैपर एमीवे, सोशल मीडिया सेंसेशन उर्फी जावेद, अर्चना गौतम के भी नजर आने की चर्चा है।

# भारती सिंह बोलीं- कम मिल रही फीस 1 लाख की बजाय सिर्फ 50 हजार



**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह सक्सेसफुल स्टार हैं। वो अपनी कॉमेडी से खूब एंटरटेन करती हैं। अपने टैलेंट के दम पर भारती ने इंडस्ट्री में पहचान बनाई है। भारती ने कई टीवी शोज में काम किया। हाल ही में भारती सिंह ने अपनी फीस को लेकर खुलासा किया है. उन्होंने बताया कि पैनडेमिक के बाद उनकी फीस कम हो गई है। खबर के मुताबिक, भारती ने कहा, 'अगर किसी भी आर्टिस्ट को उतना पेमेंट न मिले जितना वो डिजर्व करता है तो कोई भी ठीक नहीं होगा। अगर मैं जो चार्ज करती थी, उसका 25 प्रतिशत भी नहीं दोगे आप तो फिर काम नहीं हो पाएगा। भारती ने आगे कहा, 'मैं कभी ऐसा नहीं कहती हूं कि मैं पहले एक लाख लेती थी, पर अब 50 हजार ले रही हूं तो 6 की जगह 3 जोक ही मारूंगी। जब मैं स्टेज पर जाती हूं तो मुझे याद भी नहीं होता है कि मुझे कितना परफॉर्म करना है और मुझे कितना पे किया गया है। लाइव शोज में मुझे रोकना पड़ता है क्योंकि मैं वो नहीं हूं जो स्क्रिप्ट फॉलो करे।

### आनंद, कोरा कागज जैसी फिल्मों की एक्ट्रेस सीमा देव का निधन



**मुंबई।** आनंद और कोरा कागज जैसी सुपरहिट फिल्मों में अपनी बेहतरीन एक्टिंग के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस सीमा देव का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। सीमा देव के पति रमेश देव भी मराठी और हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता रहे हैं। वहीं उनके बेटे अभिनय देव भी एक्टर और निर्देशक हैं। अंतिम संस्कार शिवाजी पार्क में किया जाएगा। सीमा 80 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। सीमा देव कई बीमारियों से जूझ रही थीं।

# शाहरुख-ऋतिक में था छत्तीस का आंकड़ा

## फिल्म के सेट पर नहीं करते थे बात...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से अक्सर ही एक्टर और एक्ट्रेसेज के बीच मनमुटाव की खबरें सामने आती रहती हैं। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक वक्त ऐसा था जब दो बड़े स्टार्स शाहरुख खान और सलमान खान एक-दूसरे की शक्ल देखना भी बर्दाश्त नहीं कर पाते थे। इन दोनों की दुश्मनी तो जग जाहिर थी, लेकिन क्या आप जानते हैं कि 'किंग ऑफ बॉलीवुड' शाहरुख खान और 'ग्रीक गॉड' कहे जाने वाले ऋतिक रोशन के बीच भी छत्तीस का आंकड़ा है। ये दोनों ही कलाकार न तो सेट पर और न ही सार्वजनिक कार्यक्रमों पर भी आपस में बात नहीं करते।

- दोनों फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में साथ आए थे नजर



### ऋतिक चमक रहे थे, शाहरुख फ्लाप

फिल्म निर्माता करण जौहर ने अपनी किताब 'एन अनस्यूटेबल बॉय' में इस फिल्म के सेट पर हुए कई वाकयों का जिक्र किया है। फिल्ममेकर अपनी किताब में लिखते हैं कि उस दौरान मीडिया में शाहरुख और ऋतिक की जमकर तुलना होती थी। अमीषा पटेल संग ऋतिक की फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। वहीं, दूसरी ओर शाहरुख की बैक-टू-बैक दो फिल्में फ्लॉप हो गई थीं।

### थ्री केजी बॉलीवुड की सबसे यादगार फिल्म

साल 2001 में आई करण जौहर की फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' बॉलीवुड की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। शाहरुख खान, काजोल, ऋतिक रोशन, करीना कपूर, अमिताभ बच्चन और जया बच्चन जैसे दिग्गजों से सजी इस फिल्म ने बॉक्स-ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म में पर्दे पर तो शाहरुख और ऋतिक में गजब की बॉन्डिंग देखने को मिली थी, लेकिन असल में ये दो स्टार्स आपस में बात भी नहीं किया करते थे।

**काजोल ने भी बना ली थी दूरी :** फिल्ममेकर के मुताबिक फिल्म की शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन -जया बच्चन और काजोल भी 'कहो ना प्यार है' के एक्टर से दूरी बनाकर रखते थे। काजोल शाहरुख की कितनी अच्छी दोस्त हैं ये तो सब जानते हैं, ऐसे में उन्होंने अपने दोस्त का साथ देते हुए ऋतिक से दूरी बना ली थी। फिल्म के सेट पर केवल करण जौहर और करीना कपूर ही थे जो ऋतिक संग अच्छी बॉन्डिंग शेयर करते थे।

## पुरस्कार में कितना मिलता है कैश! जानिए, विनर्स प्राइज की पूरी डिटेल्स

# नेशनल अवॉर्ड : हर कैटेगरी के विजेता को मिलती है अलग-अलग प्राइज मनी

***नई दिल्ली।*** *आज का दिन बॉलीवुड सितारों के लिए बहुत खास रहा। दरअसल आज 24 अगस्त को 69वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड की अनाउंसमेंट की गई। इस बीच लोगों में ये भी जिज्ञासा है कि इस अवॉर्ड को जीतने वाले विनर को पुरस्कार क्या दिया जाता है। इसकी अवॉर्ड मनी कितनी होती है।*

### किस विनर को कितनी मिलती है राशि?

नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले सेलिब्रिटी को अलग-अलग कैटेगरी में रखा जाता है। जिसके हिसाब से उन्हें पुरस्कार राशि दी जाती है। इस कैटेगरी में दो तरह के अवॉर्ड दिए जाते हैं, पहला स्वर्ण कमल और दूसरा रजत कमल। जानते हैं इन अवॉर्ड में किस कैटेगरी में कितनी राशि मिलती है।

### स्वर्ण कमल में अलग अलग पुरस्कार

इस कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म को ढाई लाख रुपए, इंदिरा गांधी अवॉर्ड को 1 लाख 25 हजार रुपए, सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म को डेढ़ लाख रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाता है. इसके साथ ही दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड जीतने वाले विनर को 10 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र और शॉल प्रदान किया जाता है।




### रजत कमल में मिलती है इतनी धनराश

रजत कमल पाने वाली कैटेगरी नर्गिस दत्त पुरस्कार को डेढ़ लाख रुपए, सामाजिक मुद्दों पर बनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म को डेढ़ लाख रुपए, सर्वश्रेष्ठ असमिया फिल्म को डेढ़ लाख रुपए, सर्वश्रेष्ठ फिल्म को एक लाख रुपए, सर्वश्रेष्ठ एक्टर को 50 हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया जाता है। वहीं गैर फीचर फिल्म को रजत कमल के साथ 50 हजार या 75 हजार की राशि दी जाती है।

### कौन करता है आयोजन?

नेशनल फिल्म अवॉड्र्स का आयोजन सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से किया जाता है। जिसमें पूरा कार्य डायरेक्ट्रेट ऑफ फिल्म फेस्टिवल द्वारा किया जाता है। डीएफएफ ही इस नेशनल फिल्म अवॉर्ड का सारा काम देखता है जिसमें अवॉड्र्स की घोषणा से लेकर सेरेमनी के आयोजन तक का काम शामिल होता है।